RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

वर्ष-11 अंक:146 ता. 05 दिसम्बर 2022, सोमवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi

## पाकिस्तानी ड्रोन से मुकाबले की तैयारी में सेना, BSF बोली- बॉर्डर पर कुछ ट्रिक कारगर

**चंडीगढ़।** पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से ड्रोन के जरिए भारत में ड्रग्स, हथियार और गोला-बारूद लाने की बढ़ती घटनाओं के बीच सेना ने बयान दिया कि वे पाकिस्तान से भेजे गए ड्रोन का मुकाबला करने की तैयारी कर रही है। बीएसएफ ने इस साल अब तक रिकॉर्ड 16 ड्रोन मार गिराए हैं। अकेले पंजाब सीमा पर 7 से 8 ड्रोन गिराये जा चुके हैं। सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए बलों ने एक ड्रोन-विरोधी प्रणाली और गहन गश्त को अपनाया है। भारतीय सेना के पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल नव कुमार खंडूरी ने शनिवार को कहा, ÷सीमा पार से भेजे गए ड्रोन का मुकाबला करने की तैयारी चल रही है। हाल ही में बीएसएफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पंजाब के पास 7-8 ड्रोन को मार गिराया गया। उनके पास से नशीला पदार्थ और अन्य चीजें बरामद की हैं। खंडूरी भारतीय सेना द्वारा आयोजित 6वें मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान एएनआई से बात कर रहे थे, जहां विभिन्न प्रकार के हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। बीएसएफ ने इस साल अब तक रिकॉर्ड 16 ड्रोन मार गिराए हैं और सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए बल ने एक ड्रोन-विरोधी प्रणाली और गहन गश्त को अपनाया है।

**सीमा पर कुछ उपाय काफी कारगर**-वार्षिक प्रेस ब्रीफिंग के मौके पर एएनआई से बात करते हुए बीएसएफ के महानिदेशक पंकज सिंह ने पहले कहा था कि बल ने अभी तक ड्रोन के मोर्चे पर पूरी तरह से सफलता हासिल नहीं की है, लेकिन बल द्वारा अपनाए गए तीन-चार उपायों के कारण इस साल बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई हैं। बीएसएफ डीजी ने कहा, ÷जैसा कि हम ड्रोन के मामले में सीमा पर नई चुनौती देखते हैं, अगर हम इस मुद्दे के बारे में एक बार में बात करते हैं तो हमें अभी तक उस स्तर पर सफलता नहीं मिली है।

# राहुल गांधी के सबसे नजदीक कौन? पदयात्रा से पहले पोस्टर को लेकर गहलोत-पायलट समर्थकों के बीच जंग

### एक स्थानीय नेता ने कहा कि गहलोत और पायलट के बीच संघर्ष जल्द खत्म होता नहीं दिख रहा है और होर्डिंग्स में यह साफ झलक रहा है। झालावाड़ के चंवाली में कांग्रेस सेवादल के एक कार्यकर्ता ने यह बात कही है।

**जयपुर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश करने वाली है। कांग्रेस भले ही इस बात का दावा करे कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पूर्व डिप्टी सचिन पायलट के बीच सबकुछ ठीक चल रहा है, लेकिन पोस्टर के लिए जारी लड़ाई दावों का पोल खोल रही है। दोनों ही दिग्गजों के समर्थक राहुल की पदयात्रा से पहले एकतरफा प्रदर्शन की कोशिश कर रहे हैं। दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच प्रभुत्व को उजागर करने की होड़ लगी हुई है।

झालावाड़ में कांग्रेस से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि पायलट खेमा गहलोत के प्रभाव को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। शर्मा ने झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री प्रमोद जैन भाया पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह स्थानीय लोगों के एक अलग समूह का नेतृत्व कर पार्टी की जड़ों को कमजोर कर रहे हैं और इस तरह पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के प्रयासों को दरकिनार कर रहे हैं।




उन्होंने कहा, विशेष गुट (भैया का गुट) हर जगह सचिन पायलट के साथ ही आगे बढ़ रहा है। कई पोस्टरों और होर्डिंग्स में पायलट, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की तस्वीरें सबसे अधिक जगह ले रही हैं, जबकि अशोक गहलोत की तस्वीरें प्रमुखता से कम है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तस्वीरें होर्डिंग्स में छोटे घेरे तक ही सीमित हैं।

**मैनपुरी में चल गया ये फॉर्मूला तो कहीं नहीं टिकेगी बीजेपी; डिंपल को इस पर इतना भरोसा क्यों?**

व्यवस्थाओं में शामिल एक अन्य स्थानीय नेता ने कहा कि गहलोत और पायलट के बीच संघर्ष जल्द खत्म होता नहीं दिख रहा है और होर्डिंग्स में यह साफ झलक रहा है। झालावाड़ के चंवाली में कांग्रेस सेवादल के एक कार्यकर्ता ने यह बात कही है।

झालावाड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि कोई आपसी लड़ाई नहीं थी। पायलट के वफादार माने जाने वाले गुर्जर ने शनिवार को पीटीआई को बताया कि पार्टी कार्यकर्ता अपनी पसंद के नेताओं की फोटो वाले बैनर तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी विज्ञापनों में केवल तीन चीजें प्रमुख होती हैं- राहुल गांधी की तस्वीर, पार्टी का नाम और उसका चुनाव चिह्न। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता राजस्थान में राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। वहीं, पीसीसी सदस्य और पायलट के वफादार सुरेश गुर्जर ने भी गुटबाजी और एक विशेष गुट के प्रभुत्व से इनकार किया। उन्होंने कहा कि गहलोत और पायलट दोनों ही उनके नेता हैं और यात्रा से जुड़े सभी विज्ञापनों में उनकी तस्वीरें प्रमुखता से प्रदर्शित की जाती हैं।

**झालावाड़ में कांग्रेस से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रमोद शर्मा ने आरोप लगाया कि पायलट खेमा गहलोत के प्रभाव को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। शर्मा ने झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री प्रमोद जैन भाया पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह स्थानीय लोगों के एक अलग समूह का नेतृत्व कर पार्टी की जड़ों को कमजोर कर रहे हैं**

आपको बता दें कि राहुल की यात्रा रविवार शाम मध्य प्रदेश से झालावाड़ में प्रवेश करेगी। सोमवार की सुबह, गांधी यात्रा के राजस्थान चरण की शुरुआत काली तलाई इलाके से करेंगे, जो भाजपा नेता वसुंधरा राजे के निर्वाचन क्षेत्र झालरापाटन के अंतर्गत आता है। राजे 2003 से झालारापाटन का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जबकि उनके बेटे दुष्यंत सिंह झालवाड़ निर्वाचन क्षेत्र से तीसरी बार सांसद हैं।

## भाजपा-आप सहित तमाम दलों के नेताओं ने की मतदान की अपील




**● भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस सहित तमाम दलों के नेताओं ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान की अपील की है।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 250 वार्डों के लिए रविवार को मतदान जारी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस सहित तमाम दलों के नेताओं ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान की अपील की है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए वोट डालने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट किया, ÷ईमानदार पार्टी को वोट दें,शरीफ़ और अच्छे लोगों को वोट दें। भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, लफ़ंगई, गाली गलौज करने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने वालों को वोट ना दें। उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ़ सुथरा करेंगे। काम करने वालों को वोट दें,काम रोकने वालों को वोट न दें।

भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने ट्वीट कर कहा, ÷दिल्ली की जनता से विनम्र अपील। आज दिल्ली में नगर निगम का चुनाव है, यह आने वाले 5 वर्षों के लिए क्षेत्र की प्रगति एवं क्षेत्रवासियों का उत्थान निर्धारित करेगा। एक विकासशील सरकार बनाने के लिए वोट अवश्य करें और लोकतंत्र के महापर्व के साक्षी बनें। याद रखना पहले मतदान फिर जलपान!÷

## पब्लिक डाटा का इस्तेमाल करने वाली संस्थाओं को देना पड़ सकता है 500 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पब्लिक डाटा का इस्तेमाल करने वाली सरकारी व गैर सरकारी सभी प्रकार की संस्थाओं को साइबर अटैक से बचने की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। अन्यथा अगले साल मार्च-अप्रैल के बाद साइबर अटैक से डाटा लीक होने पर उन्हें 500 करोड़ रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

**प्रस्तावित कानून में क्या है?**

इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्रालय के मुताबिक, आगामी बजट सत्र में डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) बिल को संसद में पेश किया जाएगा और पारित होने पर डाटा प्रोटेक्शन का नया कानून आ जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के मुताबिक, प्रस्तावित नए कानून के तहत सरकारी व गैर सरकारी किसी भी संस्थान को आम जनता के डिजिटल डाटा को किसी को बेचने या उसे लीक करने का अधिकार नहीं होगा। जनता की मर्जी लेकर ही डाटा किसी और को इस्तेमाल के लिए दिया जा सकता है।

**डाटा लीक होने पर संस्थान के खिलाफ कार्रवाई**




केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साइबर अटैक की वजह से भी डाटा लीक होता है तो उस संस्थान के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर एम्स के साइबर अटैक का हवाला देते हुए कहा कि कानून बन जाने के बाद इस प्रकार का अटैक होता है और पब्लिक का डाटा लीक हो जाता है तो पब्लिक डाटा सुरक्षा बोर्ड में अपने डाटा लीक की शिकायत कर सकती है और बोर्ड उस संस्थान के खिलाफ कार्रवाई भी करेगा।

उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान वह संस्थान यह सफाई दे सकता है कि साइबर अटैक की वजह से डाटा लीक हुआ, लेकिन ऐसा नहीं होगा कि अटैक की वजह से डाटा लीक होने पर उस संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू नहीं होगी।

**ई-मेल से की जा सकेगी शिकायत**

चंद्रशेखर ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को शक होता है कि कोई संस्थान ने उसके निजी डाटा को उसकी सहमति के बगैर किसी और को दे दिया है तो वह व्यक्ति सिर्फ ई-मेल से बोर्ड को इस बात की शिकायत कर सकता है और बोर्ड भी उस ई-मेल पर संज्ञान लेगा। बोर्ड की सुनवाई वर्चुअल तरीके से होगी और बोर्ड के फैसले को सिर्फ हाई कोर्ट में चुनौती दी जा सकेगी।

## मुख्यमंत्री ने टंट्या भील को बलिदान दिवस पर नमन किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जनजातियों की अस्मिता के रक्षक मामा टंट्या भील के बलिदान दिवस पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है।

श्री चौहान ने ट्वीट के जरिए कहा कि वे जननायक क्रांतिसूर्य मामा टंट्या भील के बलिदान दिवस पर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

उन्होंने कहा कि वे आज ही इंदौर के पातालपानी में टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और इंदौर के भंवरकुआं चौराहा पर टंट्या मामा की प्रतिमा का



लोकार्पण करेंगे।

राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के अलावा प्रदेश भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने भी टंट्या मामा को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

## कड़ाके की ठंड देने वाली है दस्तक, तापमान में 3 डिग्री तक आएगी कमी

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड दस्तक देने वाली है। मौसम विभाग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि अगले 24 घंटों के दौरान देश के पूर्वी हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है, लेकिन इसके बाद तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है। यही हाल देश के मध्य भाग भी होने वाला है। हालांकि, इसके बाद अगले 4-5 दिनों के दौरान देश के बाकी हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिनों की सुबह के दौरान हिमाचल प्रदेश और पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। साथ ही



केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।

नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, ओडिशा और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक रहा।

हिमाचल प्रदेश के मैदानी जिलों में धुंध ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में दिन के समय मौसम साफ रहा। बिलासपुर, कांगड़ा, हमीरपुर और मंडी जिले के कई क्षेत्रों में शनिवार सुबह और शाम के समय घनी धुंध छाई रही। पांच दिसंबर तक धुंध पड़ी रहने का येलो अलर्ट भी जारी हुआ है। इस कारण इन क्षेत्रों में सुबह-शाम के समय मौसम में भी ठंडक बढ़ गई है। वहीं कई जनजातीय क्षेत्रों में गिरते तापमान के बीच पहाड़ियों से झरने, झीलों का पानी जम गया है। लाहौल-स्पीति जिले के राशेल गांव के समीप झरना जमकर ठोस बर्फ में बदल गया है। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में नौ दिसंबर तक मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान जताया गया है।

दक्षिण अंडमान सागर और आस-पास के भूमध्यरेखीय हिंद महासागर-मलक्का जलडमरूमध्य पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हआ है। यह समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव में पांच दिसंबर तक दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी और इससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और सात दिसंबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के दक्षिणपूर्व पर एक दबाव में केंद्रित होने की संभावना है। इसके कारण चार तारीख को निकोबार द्वीप समूह और पांच दिसंबर को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश होने की संभावना है।

# नार्को टेस्ट से गुजरेंगे अंकिता भंडारी के हत्यारे, कड़ी सजा दिलाने SIT ने कर ली बड़ी तैयारी

**देहरादून।** 19 साल की रिसॉर्ट रिसेप्शनिस्ट और उत्तराखंड के यमकेश्वर की रहने वाली अंकिता भंडारी की हत्या के मामले में अभी तक का सबसे ताजा अपडेट सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, अंकिता केस में तीन मुख्य आरोपियों का नार्को टेस्ट होगा। इसके लिए जांच एजेंसी एसआईटी ने कोर्ट में अर्जी दी है। अर्जी मंजूर होते ही नार्को टेस्ट कराया जाएगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि हालिया राज्य विधानसभा सत्र के दौरान सदन से सड़क तक बवाल के बाद जागी सरकार के निर्देशों के बाद पुलिस आरोपियों को सख्त सजा दिलवाने के लिए सबूतों को पुख्ता करना चाहती है। ऐसे में पुलिस को लगता है कि कोर्ट में चार्जशीट दायर करने से पहले नार्को टेस्ट बेहद जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, अंकिता भंडारी हत्याकांड के तीनों आरोपियों का नार्को टेस्ट होगा। इसके लिए कोर्ट में अर्जी पहले ही दी जा चुकी है। कोर्ट से अर्जी मंजूर होते ही नार्को टेस्ट कराया जाएगा। नार्को टेस्ट कराने के बाद हत्याकांड की चार्जशीट कोर्ट में पेश की जाएगी। सूत्रों





ने बताया कि सबूतों को पुख्ता करने और आरोपियों को सख्त सजा दिलाने के लिए नार्को टेस्ट कराया जाएगा।

**अंकिता भंडारी के साथ क्या हुआ था**

उत्तराखंड में ऋषिकेश के पास एक रिसॉर्ट में 19 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की कथित तौर पर रिसॉर्ट मालिक पुलकित आर्य और उसके दो साथियों ने हत्या कर दी थी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, 22 सितंबर को राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस बल को मामला सौंपे जाने के 24 घंटे के भीतर रिसॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**रिसॉर्ट के राज न खुले इसलिए की थी हत्या**

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में कबूला था कि रिसॉर्ट में अवैध देह व्यापार धंधे का पर्दाफाश न हो जाए, इसके लिए पुलकित आर्य ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंकिता की हत्या की थी। उसने कहा था कि उन्होंने 18 सितंबर को अंकिता को चिल्ला नहर में धकेल दिया था। पुलिस को वारदात के 6 दिन बाद 24 सितंबर को शव मिला था।

**विधानसभा सत्र में कांग्रेस का हंगामा**

यहां गौर करने वाली बात यह है कि मुख्य आरोपी पुलकित आर्य, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नेता विनोद आर्य का बेटा है। हालांकि भाजपा ने तुरंत ऐक्शन लेते हुए उसके पिता और भाई को पार्टी के सभी पदों से निष्कासित कर लिया था। लेकिन, हालिया विधानसभा सत्र में कांग्रेस ने अंकिता भंडारी मर्डर केस पर भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। धीमी कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए। माना जा रहा है कि सरकार के निर्देश पर पुलिस हत्याकांड मामले में आरोपियों के खिलाफ मजबूत सबूत इकट्ठा करना चाहती है। इसलिए कोर्ट में चार्जशीट दायर करने से पहले सभी आरोपियों का नार्को टेस्ट कराया जाएगा।

## मुंबई में महिला से सामूहिक बलात्कार, निजी अंगों को सिगरेट से दागा

मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई में 42 वर्षीय एक महिला से उसके घर में घुसकर तीन लोगों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया है। साथ में आरोपियों ने उसपर धारदार हथियार से वार किया और उसके निजी अंगों को सिगरेट से दागा है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार तड़के कुर्ला में हुई। उन्होंने कहा कि आरोपी और पीड़िता एक ही इलाके में रहते हैं। उन्होंने बताया, 卐 आरोपियों ने एक-एक कर के महिला के साथ बलात्कार किया और उसके साथ अप्राकृतिक यौनाचार भी किया। उन्होंने महिला के निजी अंगों को सिगरेट से दागा और उसकी छाती तथा दोनों हाथों पर धारदार हथियार से वार किया।आरोपियों में से एक ने घटना का वीडियो बना लिया और पुलिस से संपर्क करने पर उसे प्रसारित करने की धमकी दी।'' कुर्ला थाने के अधिकारी ने कहा कि महिला ने पड़ोसियों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद एक एनजीओ से संपर्क किया और एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि तीनों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 376डी (सामूहिक बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक यौनाचार), 324 (स्वेच्छा से खतरनाक हथियार से चोट पहुंचाना) और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है तथा उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक ड्रोन और तीन किलोग्राम हेरोइन बरामद

चंडीगढ़। पंजाब के तरन तारन जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट एक ड्रोन से तीन किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के संयुक्त अभियान में यह बरामदगी की गयी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक ट्वीट में कहा, ''सीमा पार तस्करी नेटवर्क के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए तरण तारण पुलिस और बीएसएफ ने संयुक्त अभियान में तरण तारण के पी एस वोलतोहा इलाके में तलाशी अभियान के दौरान एक ड्रोन बरामद किया गया जिसमें तीन किलोग्राम हेरोइन थी।'' एक दिन पहले ही सीमा सुरक्षा बल ने फाजिल्का जिले लगभग 25 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी जिसे पाकिस्तान ड्रोन द्वारा गिराया गया था। पुलिस ने बताया कि तरण तारण जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप एक खेत में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात को एक ड्रोन मिला जिसमें पांच किलोग्राम हेरोइन थी। गौरतलब है कि बीएसएफ ने सोमवार को लगभग 10 किलोग्राम हेरोइन लेकर आए दो पाकिस्तानी ड्रोन को अमृतसर और तरनतारन जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर मार गिराया था।

## ग्वालियर हवाईअड्डे पर तस्करी का एक किलोग्राम सोना बरामद, चार यात्री गिरफ्तार

भोपाल। मध्य प्रदेश के ग्वालियर हवाईअड्डे पर चार यात्रियों के पास से एक किलोग्राम सोना बरामद होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। यह सोना उन्होंने अपने-अपने पेट पर बांधा हुआ था। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि तस्करी की गई इस सोने की कीमत करीब 60 लाख रुपये आंकी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका ने बताया कि शनिवार को राजस्व खुफिया निदेशालय से सूचना मिली थी कि मुंबई से ग्वालियर आ रही इंडिगो की उड़ान में सवार कुछ यात्री सोने की तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सूचना के आधार पर ग्वालियर हवाईअड्डे पर तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर महाराजपुरा थाने के अधिकारी तुरंत वहां पहुंच गए। डेका ने बताया, ''मुंबई से आने वाली उड़ान के यात्रियों की तलाशी ली गई। इनमें से चार यात्रियों के पास से करीब एक किलोग्राम सोना बरामद हुआ। ये सोना 'लेड पेंसिल व पेस्ट' के रूप में था और यात्रियों के पेट से बांधा हुआ था।'' उन्होंने कहा कि इनके पास कुछ मात्रा में संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा भी बरामद हुई है। डेका ने बताया कि इसके बाद उनके खिलाफ सीमा शुल्क कानून के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस, सीआईएसएफ और सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी यात्रियों से पूछताछ कर रहे हैं। ये चारों यात्री उत्तर प्रदेश के टांडा रामपुर के निवासी हैं।

## गैंगस्टर राजू ठेठ मर्डर मामले में पुलिस को मिली कामयाबी, गिरफ्तार किए 5 आरोपी

सीकर। राजस्थान के सीकर जिले में गैंगस्टर राजू ठेठ की हत्या के मामले में राजस्थान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में ताजा जानकारी के मुताबिक पुलिस ने राजू ठेहट हत्याकांड के पांचों शूटर्स को दबोचा है। पुलिस ने इन आरोपियों को झुंझुनू के गुढा गांव से पकड़ा गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए हत्या के बाद से ही पुलिस की टीमें छानबीन करने में जुटी हुई थी। इससे पहले भी पुलिस दो आरोपियों को नीम कस्बे से हिरासत में लिया था। एक आरोपी ने गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों में से एक ने रेकी की थी जबकि दूसरे आरोपी ने फायरिंग की थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए घटना के बाद से ही पूरे राज्य में ए श्रेणी की नाकेबंदी की गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता माना जा रहा है। इस मामले पर पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि हत्याकांड में जो भी आरोपी शामिल थे सभी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सीकर से मनीष जाट और विक्रम गुर्जर को हिरासत में लिया गया है। अन्य तीन आरोपियों में से सतीश कुम्हार को हरियाणा के भिवानी से, जितन मेघवाल और नवीन मेघवाल को कब्जे में पुलिस ने लिया है। पड़ताल में पुलिस को हथियार और कारतूस भी मिले है। बता दें कि हत्याकांड में शामिल आरोपियों के गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि खुद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कर चुके हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सीकर हत्याटतांड में पांच आरोपियों को हथियार और गाड़ियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक जयपुर आईजी रेंज आईजी खेतड़ी पहुंचे थे। यहां रात को ही बैठक कर रणनीति बनाई थी। देश भर में आरोपियों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की गई थी। पुलिस को अंदेशा था कि आरोपी राजस्थान से निकलकर अन्य शहरों में जा सकते है।

**लॉरेन्स ग्रुप ले चुका है हत्या की जिम्मेदारी**

लॉरेंस गैंग ने राजू ठेठ की हत्या की जिम्मेदारी ली है। हिस्ट्रीशीटर रोहित गोदारा ने राजू की मौत के बाद फेसबुक पर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उन्होंने कहा था कि राजू को मारकर आनंदपाल और बलबीर बानूड़ा की हत्या का बदला लिया गया है।

## महाराष्ट्र मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा दिव्यांग विभाग गठित करने वाला पहला राज्य बना



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए 1,143 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक अलग दिव्यांग विभाग के गठन की घोषणा की है। शिंदे ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुंबई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र ऐसा विभाग बनाने वाला पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा, 卐सरकार ने नए विभाग के लिए 2,063 पद सृजित किए हैं जो हितधारकों के विचारों को ध्यान में रखते हुए दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण के लिए नीतियां तैयार करेंगे।卐 राज्य मंत्रिमंडल ने दिव्यांग विभाग की स्थापना के निर्णय को 29 नवंबर को मंजूरी दी थी।

# पीएम मोदी पहुंचे अहमदाबाद, आज वोट डालने से पहले लिया मां का आशीर्वाद



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में दूसरे फेज के चुनाव से एक दिन पूर्व ही अहमदाबाद पहुंच गए है। यहां वो सोमवार को होने वाले चुनाव में वोट भी डालेंगे। चुनाव से एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबेन मोदी से मिलने गांधीनगर में उनके आवास पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद के साबरमीत विधानसभा सीट से मतदान करेंगे।

बता दें कि गुजरात चुनाव के लिए प्रचार करने के दौरान भी पीएम नरेंद्र मोदी काम के कारण अपनी मां हीराबेन से मुलाकात करने नहीं जा सके थे। इससे पहले उन्होंने अगस्त महीने में अपनी मां से गुजरात दौरे के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने साबरमती नदी पर अटल पुल के उद्घाटन और खादी उत्सव कार्यकम में हिस्सा लिया था। इसके बाद वो अपनी मां से मुलाकात करने पहुंचे थे।

**पार्टियों ने किया जीत का दावा**

गुजरात विधानसभा चुनाव दूसरे चरण के पहले भाजपा और कांग्रेस ने अपनी-अपनी जीत का दावा करते हुए पहले चरण के चुनाव का हवाला दिया है। भाजपा ने शनिवार को दावा किया कि वह विधानसभा चुनाव में पहले के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए सत्ता बरकरार रखेगी, जबकि कांग्रेस ने एक दिसंबर को पहले चरण के चुनाव का हवाला देते हुए दावा किया कि गुजरात में अगली सरकार उसकी होगी। पहले चरण में 182 सदस्यीय विधानसभा के 89 सीट के लिए एक दिसंबर को मतदान हुआ था और बाकी की 93 सीट के लिए पांच दिसंबर को चुनाव होगा जिसके लिए चुनाव प्रचार शनिवार को थम गया।

मतगणना आठ दिसंबर को होगी। गुजरात कांग्रेस के प्रभारी रघु शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात की 89 में से 65 सीट जीतेगी, जहां चुनाव हो चुके हैं। शर्मा ने कहा कि पहले चरण के चुनाव के वोटिंग पैटर्न दिखाते हैं कि कांग्रेस 89 में से 65 सीट जीत रही है। नुकसान से डरी भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को चुनाव प्रचार में लगाना पड़ा। मुझे पूरा भरोसा है कि लोग कांग्रेस को 125 सीट पर जिताएंगे। राज्य में अगली सरकार कांग्रेस की होगी।

पहले चरण में 63.31 फीसदी मतदान हुए थे। इसके विपरीत गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सी आर पाटिल ने कहा कि समान क्षेत्र (सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात) में वर्ष 2017 में पहले चरण के मुकाबले कम मतदान के बावजूद वोटों की संख्या असल में बढ़ी है। पाटिल ने कहा कि भाजपा पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़कर गुजरात में अपनी सत्ता बरकरार रखेगी। हम ना केवल सर्वाधिक संख्या में सीट हासिल करेंगे बल्कि इस बार कुल मतों का सर्वाधिक हिस्सा प्राप्त करेंगे। प्रतिशतता के आधार पर मतदान काम हुआ, लेकिन वर्ष 2017 के पहले चरण के मुकाबले इस बार करीब 10 लाख अधिक मतदाताओं ने मतदान किया। एक दिसंबर को 1.41 करोड़ के मुकाबले इस बार 1.51 करोड़ लोगों ने मतदान किया।'' उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत भले ही कम हो, लेकिन मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल 99 सीट मिली थीं, जबकि कांग्रेस को 77 सीट मिली थी। भाजपा लगातार सातवीं बार सत्ता हासिल करने के लिए प्रयासरत है

## गुजरात चुनाव : मुस्लिम बहुल जमालपुर खड़िया में चुनाव मैदान में उतरी एआईएमआईएम, कांग्रेस को मिल रही टक्कर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद शहर की मुस्लिम बहुल जमालपुर खड़िया विधानसभा सीट पर असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिए-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। कांग्रेस के लिए अपने पूर्व विधायक के एआईएमआईम के प्रत्याशी के तौर पर इस सीट पर चुनाव मैदान में उतरने से चिंता पैदा हो गयी है। जमालपुर खड़िया सीट पर गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच दिसबर को अन्य 92 सीट के साथ मतदान होगा।

इस सीट पर पूर्व कांग्रेस विधायक सबीर काबलीवाला ने 2012 में पार्टी प्रत्याशी समीर खान सिपाई के विरुद्ध निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर विधानसभा चुनाव लड़ा था और मुस्लिम वोट में सेंध लगायी थी, फलस्वरूप भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी भूषण भट्ट जीत गए थे। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के इमरान खेडावाला ने 75,346 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की थी। भाजपा के भट्ट 46,000 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। काबलीवाला ने यह चुनाव नहीं लड़ा था। इस बार काबलीवाला एआईएमआई के प्रत्याशी के तौर चुनाव मैदान में हैं और भाजपा बड़ी प्रसन्नता के साथ सबकुछ देख रही है।




कांग्रेस उम्मीदवार और निवर्तमान विधायक खेडावाला ने दावा किया कि एआईएमआई और आम आदमी पार्टी (आप) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ''बी-टीम'' हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को पता है कि कैसे काबलीवाला ने 2012 में भाजपा को जिताने में मदद की और वह (काबलीवाला) इस बार भी इसकी पुनरावृति सुनिश्चित करना चाहते हैं। 'छीपा मुस्लिम समुदाय' के वोट का इधर-उधर होना कांग्रेस की संभावना के लिए घातक साबित होगा और भाजपा को फायदा मिलेगा। खेडावाला (कांग्रेस) और काबलीवाला (एआईएमआईएम) छीपा मुस्लिम समुदाय से आते हैं और इस निर्वाचन क्षेत्र में इस समुदाय के मतदाता अच्छी खासी संख्या में हैं।

गुजरात में पहली बार विधानसभा चुनाव में उतरकर खाता खोलने की उम्मीद लगाए बैठी एआईएमआई के लिए भी मैदान आसान नहीं है क्योंकि पार्टी इस धारणा के विरुद्ध लड़ रही है कि उसके प्रवेश के कारण मुस्लिम वोट बंट जाएंगे और भाजपा को फायदा होगा। जमालपुर खड़िया में करीब 65 फीसद या 1,35,000 मतदाता मुस्लिम समुदाय के हैं जबकि हिंदू मतदाता 70,000 हैं। यह ऐसा निर्वाचन क्षेत्र हैं जिसपर एआईएमआईएम ने विशेष ध्यान दिया है। पार्टी ने 2021 के स्थानीय निकाय चुनाव में गुजरात की राजनीति में कदम रखा था।

भाजपा ने भूषण भट्ट को फिर इस बार चुनाव मैदान में उतारा है लेकिन खेडावाला को एआईएमआईम के प्रदेश अध्यक्ष काबलीवाला से बड़ी चुनौती मिल रही है। हालांकि काबलीवाला के लिए चीजें आसान नहीं है क्योंकि मुस्लिम मतदाताओं का एक वर्ग महसूस करता है कि वह कांग्रेस को हराने के इरादे से भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। जावेद कुरैशी ने कहा, ''एआईएमआईएम भाजपा की मदद करने के लिए यहां (चुनाव मैदान में) है। यह असली मायने में भाजपा की बी टीम है।'' कुरैशी ने 2017 में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। वह बाद में एआईएमआईएम में शामिल हुए थे लेकिन कुछ ही महीनों बाद वह पार्टी से निकल गए।

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को सबक सिखाएं

**लखनऊ। (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमीनों पर अवैध कब?जे करने वालों को करारा सबक सिखाने के आदेश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान करीब 200 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई कर करारा सबक सिखाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को हमेशा प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। आदित्यनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में



कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद पहुंचे और सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया कि हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला को मकान उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार वाले फरियादियों को भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज रुकने नहीं दिया जाएगा।

## मैनपुरी उपचुनाव निर्वाचन आयोग पहुंची बीजेपी और समाजवादी पार्टी, एक दूसरे के खिलाफ की शिकायत

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा सीट और रामपुर विधानसभा सीट पर पांच दिसंबर को मतदान होना है। मैनपुरी लोकसभा सीट हाल ही में समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हुई है। इस सीट पर भाजपा और समाजवादी पार्टी में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। वहीं सोमवार को होने वाले मतदान से पूर्व सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से कार्रवाई करने की शनिवार को मांग की।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के 'अराजक तत्वों'' पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। वहीं, समाजवादी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संबोधित ज्ञापन में अनुरोध किया है कि भाजपा द्वारा कथित रूप से 'बनवाये जा रहे फर्जी आधार कार्ड के आधार पर रामपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन फर्जी मतदान करने की साजिश को रोकने के लिए'' ठोस कार्रवाई की जाये। भाजपा मुख्यालय से शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, पार्टी के प्रदेश महामंत्री और सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे पी एस राठैर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में अराजकतत्वों के नामों की सूची सौंपते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में भाजपा ने आयोग को अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की सूची सौंपी है और इन केंद्रों पर तत्काल कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अराजकतत्वों को मतदान केंद्रों पर कब्जा करने से रोकने की मांग की है। भाजपा ने अपने पत्र में कहा है कि समाजवादी पार्टी द्वारा मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। पार्टी ने कहा कि मतदान से पूर्व मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के अराजकतत्वों द्वारा मतदाताओं को डराया- धमकाया जा रहा है। पूर्व में भी इसके खिलाफ पार्टी ने 30 नवम्बर को स्थानीय प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग के पास शिकायत दर्ज कराई थी इस बीच, समाजवादी पार्टी मुख्यालय से जारी बयान के अनुसार,सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, नयी दिल्ली को संबोधित ज्ञापन राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को देकर मांग की है कि रामपुर विधान सभा उप निर्वाचन में पुलिस अधीक्षक अशोक शुक्ला, पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अनुज पहलवान, पुलिस कोतवाली प्रभारी गजेन्द्र त्यागी व पुलिस थानाध्यक्ष सुरेन्द्र पचौरी को तत्काल प्रभाव से जनपद रामपुर से बाहर स्थानान्तरित कर दिया जाए।

## भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस पार्टी शुरू करेगी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अब हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करेगी। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में ये फैसला किया गया है। हाथ से हाथ जोड़ो के तहत ये नया अभियान पार्टी शुरू करने जा रही है। इस बैठक में ऐलान किया गया है कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी प्रियंका गांधी को भी बड़ी जिम्मेदारी देने की योजना बना रही है। कांग्रेस पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में कई अन्य और अहम फैसले भी लिए गए है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस का पूर्ण




अधिवेशन फरवरी 2023 में छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस नए अभियान के जरिए लोगों को पार्टी की नीतियों से जोड़ने में मदद मिलेगी। इस अभियान के जरिए पार्टी सरकार की गलत नीतियों के बारे में भी जनता को जागरुक करेगी। इसका आयोजन भारत जोड़ो यात्रा के बाद होगा जब यात्रा 26 जनवरी को श्रीनगर पहुंचेगी। इसके बाद ही हाथ से हाथ जोड़ों अभियान शुरू होगा।

इस अभियान के जरिए ब्लॉक स्तर पर यात्रा, जिला स्तर पर अधिवेशन और राज्य के स्तर पर अधिवेशन आयोजित होंगे। इसके जरिए भारत जोड़ो यात्रा का संदेश आगे ले जाया जाएगा। इस बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया था। बता दें कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बैठक में मौजूद नहीं थे क्योंकि वो भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा ले रहे है और पूरे देश की यात्रा पर निकले हुए है।

## रालोद का भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप, निर्धारित समय के बाद प्रचार करने पर चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को कहा

**लखनऊ (एजेंसी)।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रविवार को आरोप लगाया कि मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन ने खतौली विधान सभा उप चुनाव का प्रचार खत्म होने के बाद उसके दफ्तर के दरवाजे बंद करा दिए लेकिन भाजपा कार्यालय में शटर बंद कर देर रात तक काम होता रहा। चौधरी ने ट्वीट किया प्रशासन ने चुनाव आचार संहिता के तहत खतौली में राष्ट्रीय लोक दल का कार्यालय बंद कराया लेकिन सामने भाजपा का कार्यालय है जहां देर रात तक शटर बंद करके काम चल रहा है!

चौधरी ने अपने दावे के समर्थन में दो मिनट 27 सेकंड का एक वीडियो भी शेयर किया है। उन्होंने




कहा बेहद गंभीर आरोप हैं, इस वीडियो में मेरे तथ्य हैं। पुष्टि कर चुनाव आयोग कड़ा दंड दे! इससे पहले शनिवार को भी चौधरी ने एक ट्वीट कर भाजपा पर आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया था। उन्होंने एक वीडियो टैग करते हुए लिखा था, चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह पांच बजे के बाद खतौली में जँधेडी गाँव में प्रचार कर रहे हैं! चुनाव आयोग संज्ञान ले और प्रशासन क़ानूनी कार्रवाई करे! क्या ऐसे निष्पक्ष चुनाव होंगे?

खतौली विधान सभा सीट के उपचुनाव के तहत सोमवार को मतदान होगा। यह सीट भाजपा विधायक विक्रम सिंह सैनी को वर्ष 2013 की मुजफ्फरनगर दंगों से जुड़े एक मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के चलते उनकी सदस्यता रद्द होने के कारण रिक्त हुई है। भाजपा ने इस पर सैनी की पत्नी राजकुमारी को उम्मीदवार बनाया है जबकि राष्ट्रीय लोकदल और समाजवादी पार्टी के गठबंधन की तरफ से मदन भैया चुनाव मैदान में हैं।

# कमलनाथ ने दिया भाजपा, आरएसएस, विहिप को चुनौती, कहा राहुल गांधी से धर्म और अध्यात्म पर करें बहस

**भोपाल (एजेंसी)।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को भाजपा, आरएसएस और विहिप नेताओं को चुनौती देते हुए कहा कि वे धर्म एवं अध्यात्म के मुद्दे पर पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी के साथ चर्चा करें जिससे साबित हो जाएगा कि इन विषयों पर राहुल को इन लोगों की तुलना में अधिक ज्ञान है। कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो यात्रा' के अंतिम दिन आगर मालवा जिले के सोयतकलां में संवाददाताओं से कहा, ''मैं भाजपा, आरएसएस और विहिप नेताओं को चुनौती देता हूं कि वे मीडियाकर्मियों के सामने धर्म और अध्यात्म के मुद्दे पर राहुल गांधी के साथ बैठ जाएं और बहस कर लें।''

उन्होंने कहा कि चर्चा से साबित होगा कि राहुल को भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के लोगों की तुलना में धर्म और अध्यात्म का अधिक ज्ञान है। कमलनाथ ने यह भी कहा कि राहुल की 'भारत जोड़ो' यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में संविधान और संस्कृति को बचाना है। उन्होंने कहा कि यात्रा ने 23 नवंबर को पहली बार किसी हिंदी भाषी क्षेत्र मध्य प्रदेश में प्रवेश किया और राज्य में इसे लोगों से भारी समर्थन मिला है। कमलनाथ ने कहा, ''भीड़ देखकर मुझे ताजुब्ब हुआ। राज्य के सुदूर इलाकों से जो लोग आ रहे हैं, हमने उन्हें आने के लिए आदेश नहीं दिया है। यह इस यात्रा की सफलता को साबित करता है।''

पिछले 12 साल से राहुल गांधी की छवि पर सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लगातार हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए कमलनाथ ने कहा कि इस यात्रा ने लोगों के बीच राहुल गांधी की छवि को सुधारने में मदद की है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती थी कि यात्रा केरल में ही समाप्त हो जाएगी, लेकिन उसे हर जगह भारी जन समर्थन मिल रहा है और लोग राहुल के प्रति अपना प्यार जताने खुद आ रहे हैं। कमलनाथ ने कहा कि यात्रा को मध्य प्रदेश के लोगों, विशेष रूप से आम आदमी, महिलाओं और बच्चों से भारी समर्थन मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्याकुमारी से शुरू होकर श्रीनगर तक जाने वाली इस यात्रा के बाद संभावना है कि राहुल पूर्व से पश्चिम की ओर एक और यात्रा पर निकालें।

उन्होंने कहा कि राहुल ने खुद कहा कि उनकी इस यात्रा को मध्य प्रदेश में विशेष रूप से इंदौर में भारी समर्थन मिला। कमलनाथ ने कहा कि यात्रा के दौरान राहुल ने किसानों, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों, महिलाओं, दिव्यांगों, बुनकरों, आदिवासियों, दलितों और सफाई कर्मचारियों के साथ बातचीत की। यह यात्रा आज शाम राजस्थान में प्रवेश करेगी। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने भी



मीडिया को संबोधित किया। कमलनाथ ने राज्य में यात्रा को सफल बनाने के लिए लोगों, पार्टी कार्यकर्ताओं और मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया।


तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितंबर को शुरू हुई 'भारत जोड़ो यात्रा' का आज 88वां दिन है। गांधी की अगुवाई वाली यह यात्रा महाराष्ट्र से गुजरने के बाद बुरहानपुर जिले के बोदरली गांव से मध्य प्रदेश में 23 नवंबर को दाखिल हुई थी और पिछले 12 दिनों में इस यात्रा ने राज्य में करीब 370 किलोमीटर की दूरी तय की है। यात्रा के आज राजस्थान में प्रवेश करने पर कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई चांवली गांव में राजस्थान की टीम को राष्ट्रीय ध्वज सौंपेगी।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन में युद्ध समाप्ति पर वार्ता को तैयार, रखी ये शर्त

वाशिंगटन। (एजेंसी)। यूक्रेन के साथ 8 माह से अधिक समय से चल रहे लंबे युद्ध के बीच अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुछ नरम नजर आ रहे हैं। पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध समाप्ति पर बात करने की गुजारिश तो मान ली है लेकिन इसके लिए वे पश्चिमी देशों से रूस की कुछ मांगें मनवाना चाहते हैं। रूसी राष्ट्रपति के क्रेमलिन कार्यालय के अनुसार समाचार एजेंसी एपी ने बताया कि रूस ने यूक्रेन से सेनाओं की वापसी की शर्त को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस शर्त पर उसे वार्ता मंजूर नहीं है। रूस की यह प्रतिक्रिया अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा पुतिन से सीधी वार्ता की इच्छा जताने के बाद आई है।

**बाइडेन ने पुतिन के साथ बातचीत की जताई थी इच्छा:** बाइडेन ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए वह राष्ट्रपति पुतिन से वार्ता के लिए तैयार हैं। अमेरिका के दौरे पर गए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में पुतिन के साथ बातचीत की इच्छा जताई थी। लेकिन यह भी कहा था कि वह बातचीत यूक्रेन में युद्ध समाप्ति के बाद ही संभव है जिसके लिए पुतिन फिलहाल तैयार नहीं लग रहे हैं। बाइडेन ने इससे पहले मार्च में पुतिन को कसाई कहा था और कहा था कि वह रूस की सत्ता में नहीं रहने चाहिए। अब जबकि यूक्रेन युद्ध के नौ महीने हो गए हैं और यूक्रेन सहित पूरा यूरोप जमा देने वाली ठंड की चपेट में है तब पश्चिमी देश रूस से बातचीत का रास्ता बना रहे हैं। मालूम हो कि रूसी सेना यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर लगातार हमले कर रही है और रूस ने ज्यादातर यूरोपीय देशों की गैस आपूर्ति रोक या बहुत कम कर दी है। अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इन स्थितियों में यूक्रेन की सैन्य और आर्थिक मदद बढ़ा रहे हैं।

**जंग में मारे गए यूक्रेन के 13 हजार सैनिक :** शून्य डिग्री सेल्सियस से कम तापमान में पूर्वी यूक्रेन में भीषण युद्ध जारी है। यहां का रणनीतिक शहर बाखमुट रूसी सेनाओं के निशाने पर है। जबकि खेरसान और जपोरीजिया प्रांतों में रूसी सेना रक्षात्मक मुद्रा में है। वैसे दोनों प्रांतों के बड़े क्षेत्रों पर रूसी सेना कब्जा कर चुकी है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने युद्ध में 13 हजार यूक्रेनी सैनिकों के जान गंवाने की बात कही है।



**रूसी तेल का मूल्य 60 डालर करने पर सहमत हुआ यूरोपीय संघ:** रूस को युद्ध के लिए धन न मिले और वह आर्थिक तंगहाली की ओर बढ़े, इसके लिए यूरोपीय संघ (ईयू) समुद्र के जरिये निर्यात होने वाले कच्चे तेल का मूल्य 60 डालर प्रति बैरल निर्धारित करने के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। अब ईयू के सामने इस प्रस्ताव को सभी सदस्य देशों द्वारा स्वीकृत कराने की चुनौती है, क्योंकि कई देश अभी भी रूस से पर्याप्त मात्र में गैस और तेल प्राप्त कर रहे हैं और वे रूस से संबंध बिगाड़ना नहीं चाहते।

## नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर बोले हमला होने पर भारत के साथ जंग को तैयार पाकिस्तान

वॉशिंगटन। (एजेंसी)। पाकिस्तान के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने शनिवार को कहा कि अगर उनके देश पर हमला होता है, तो पाकिस्तानी सशस्त्र बल ''न सिर्फ अपनी मातृभूमि के एक-एक इंच की रक्षा करेंगे, बल्कि दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब भी देंगे।'' मुनीर ने पाकिस्तान सेना के प्रमुख का पद संभालने के बाद शनिवार को पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रखचिकरी सेक्टर में तैनात पाकिस्तानी सैनिकों से मुलाकात की।



मुनीर ने कहा, 'हमने हाल में गिलगित बाल्टिस्तान और जम्मू-कश्मीर पर भारतीय नेतृत्व के अत्यधिक गैर-जिम्मेदाराना बयान सुने हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर हम पर हमला होता है तो पाकिस्तान के सशस्त्र बल न केवल अपनी मातृभूमि के एक-एक इंच की रक्षा करने के लिए, बल्कि दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमेशा तैयार हैं।' जनरल मुनीर ने 24 नवंबर को जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह ली थी।

बाजवा पाकिस्तान सेना प्रमुख के रूप में दो बार तीन-तीन साल का कार्यकाल संभालने के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे के दौरान जनरल मुनीर को नियंत्रण रेखा के पास के ताजा हालात और पाकिस्तान सेना की अभियानगत तैयारियों से अवगत कराया गया। जनरल मुनीर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उच्च मनोबल और पेशेवर क्षमता का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए पाकिस्तानी सैनिकों और अधिकारियों की तारीफ की।

## सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के बीच, चीन के कई शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिए कोविड जांच की अनिवार्यता खत्म



बीजिंग (एजेंसी)। चीन के बीजिंग, तियानजिन, चेंगदू और शेनझेन जैसे कई शहरों में शनिवार को सार्वजनिक परिवहन के लिए कोविड-19 जांच की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया। अधिकारियों ने देशभर में सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के बीच अपने कोविड संबंधी नियमों में नरम रुख अपनाया है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को बताया कि चेंगदू और ग्वांगझोऊ में नागरिकों को अधिकतर सार्वजनिक स्थानों में प्रवेश करते समय कोविड जांच की रिपोर्ट दिखाने की जरूरत नहीं है।

बीजिंग में अधिकारियों ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि अगले सोमवार से बसों तथा सबवे में अब 48 घंटे पहले के न्यूक्लेइक एसिड जांच रिपोर्ट दिखाने की जरूरत नहीं होगी। अधिकारियों ने कहा कि हालांकि, यात्रियों को मास्क लगाना होगा। कोविड को लेकर सख्त लॉकडाउन के खिलाफ शंघाई और बीजिंग समेत अनेक शहरों में पिछले सप्ताहांत में भारी प्रदर्शन हुए जिसके बाद पाबंदियों में ढील दी गयी। लोगों ने इस लॉकडाउन से आजीविका प्रभावित होने की बात कही।


इन प्रदर्शनों में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) से सत्ता से हटने की भी मांग की गयी। शी ने यूरोपीय संघ के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल से बृहस्पतिवार को कहा कि तीन साल की महामारी से हताश छात्रों ने प्रदर्शन किये। चीन में प्रदर्शनों के बाद सभी बड़े शहरों में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आपात स्थिति निदेशक डॉ माइकल रियान ने कहा कि चीन में कोविड संबंधी कुछ पाबंदियों में ढील दिये जाने से संगठन खुश है।

## भारत के जी-20 का अध्यक्ष बनने पर फ्रांस खुश, मैक्रों बोले- विश्व शांति के लिए सभी देशों को एकजुट करेंगे पीएम मोदी

इंटरनेशनल डेस्क। भारत की त्न-20 की अध्यक्षता एक दिसंबर से शुरू हो गई है और त्न-20 का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाला है। इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए भारत बेहद उत्साहित है। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रों ने भारत को अध्यक्षता मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा भी जताया है। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए मैक्रों ने लिखा, वह शांति और एक स्थायी दुनिया की स्थापना के लिए सभी को एकजुट करने के लिए अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने लिखा, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। भारत ने त्न-20 की अध्यक्षता संभाली है। मुझे अपने मित्र नरेंद्र मोदी पर भरोसा है कि वे हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे। इससे पहले शुक्रवार 2 दिसंबर को मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भारत के त्न-20 की अध्यक्षता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी थी। इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने ट्वीट किया, त्न-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सरकार और भारत के लोगों को बधाई। मुझे कूटनीति और संवाद को बढ़ावा देने और आम सहमति बनाने और वैश्विक मामलों के अहम मुद्दों का स्थायी समाधान खोजने के लिए भारत के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। वहीं, इससे पहले 1 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत की सफलता की कामना की थी।

## ईरान ने दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य किया शुरू : सरकारी मीडिया

वाशिंगटन (एजेंसी)। ईरान ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ईरान के सरकारी टीवी ने यह खबर दी। विश्व शक्तियों के साथ इस्लामिक गणराज्य के परमाणु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद ईरान पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच यह निर्माण शुरू हुआ है। यह घोषणा ऐसे वक्त आई है जब पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद देश भर में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों से ईरान हिल गया है।



देश की सरकारी टेलीविजन और रेडियो एजेंसी ने बताया कि 'करून' नाम के 300 मेगावाट के नए संयंत्र को बनने में आठ साल लगेंगे और इस पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। इसने कहा कि यह संयंत्र ईरान के तेल समृद्ध खुजेस्तान प्रांत में इराक के साथ लगती इसकी पश्चिमी सीमा के पास स्थित होगा। संयंत्र के शिलान्यास समारोह में ईरान के असैन्य परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने भाग लिया, जिन्होंने पहली बार अप्रैल में 'करून' के लिए निर्माण योजनाओं की शुरुआत की थी। ईरान के बुशहर के दक्षिणी बंदरगाह पर एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र है तथा कई भूमिगत परमाणु केंद्र भी हैं। 'करून' के निर्माण की घोषणा ऐसे वक्त आई है जब ईरान ने दो सप्ताह से भी कम समय पहले कहा था कि उसने देश के भूमिगत फोर्डो परमाणु केंद्र में 60 प्रतिशत शुद्धता पर समृद्ध यूरेनियम का उत्पादन शुरू कर दिया है। इस कदम को देश के परमाणु कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## ईरान सरकार ने मोरैलिटी पुलिस को किया खत्म, देशव्यापी प्रदर्शनों के कारण लिया फैसला

तेहरान (एजेंसी)। हिजाब से संबंधित कड़े कानूनों के खिलाफ ईरान सरकार दशकों पुराने कानून को बदलने के संबंध में काम करने के संकेत दिए है। देशव्यापी हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के बाद ईरान सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए देश की नैतिकता पुलिस को भंग करने का ऐलान किया है। ये जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी है।

इस्लामिक मुल्क ईरान में हिजाब के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन लंबे समय से हो रहा था। इन प्रदर्शनों के बीच अब ईरान सरकार ने अपने कदम पीछे खिंच लिए है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक अटॉर्नी जनरल मोहम्मद जफर मोंताजारी ने बताया कि मोरेलिटी पुलिस यानी गश?त-ए-इरशाद को भंग किया गया है। न्यायपालिका से इसका कोई संबंध नहीं है।

बता दें कि कुछ समय पूर्व तेहरान में मोरेलिटी पुलिस ने हिजाब ना पहनने पर एक महिला को हिरासत में लिया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। कहा गया था कि महिला की मौत टॉर्चर किए जाने से हुई थी। महिला की मौत होने के बाद ईरान में काफी हिंसक प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि हिजाब के कड़े कानूनों से छुटकारा दिया जाना चाहिए। बता दें कि प्रदर्शनकारियों ने इसे राष्ट्रीय क्रांति का नाम दिया था।



मीडिया की मानें तो ईरान में हिजाब के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान अबतक 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान स्थानीय पुलिस ने लगभग 14 हजार से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल सरकार ने ईरान में महिलाओं के लिए पब्लिक प्लेस पर जाने के दौरान ड्रेस कोड के पालन करने का फैसला किया था। इस ड्रेस कोड में हिजाब पहनना भी शामिल था।

**ईरान में है सख्त कानून**

जानकारी के अनुसार ईरान में वर्ष 1979 के बाद काफी कुछ बदला। इस्लामिक क्रांति के कारण यहां अमेरिकी शासन को हटाया गया था। इसके बाद अयातुल्लाह खोमैनी ने गद्दी संभाली थी। अयातुल्लाह ने सत्ता पाने के तत्काल बाद ही शरिया कानून को लागू किया था। इसके बाद ईरान में वर्ष 1983 के दौरान हिजाब को अनिवार्य किया गया था। वहीं वर्तमान में देश में नौ वर्ष से अधिक की उम्र की बच्ची को भी हिजाब पहनना होता है। यहां तक की महिला टूरिस्ट को भी इस नियम का पालन करना होता है।

## अफगान-पाकिस्तान के बीच जंग जैसे हालात ! तालिबान पर चला भारत का जादू

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के एक साल बाद समाजिक व आर्थिक हालात बहुत दयनीय हैं। एक तरफ अफगान सीमा पर जहां पाकिस्तान और तालिबान के बीच जंग जैसे हालात हैं, वहीं राजधानी काबुल में पाकिस्तानी राजदूत को जान से मारने की कोशिश हुई है। इस बीच भारत का जादू बहुत तेजी से तालिबान सरकार पर चला और यहां उसकी पकड़ फिर से मजबूत हो गई है। यही नहीं भारत के हरी झंडी दिखाने के बाद अब जापान भी अफगानिस्तान में दूतावास खोलने जा रहा है। जापान ने इस साल जब अफगानिस्तान में फिर से दूतावास खोलने पर विचार शुरू किया था तब उसने भारत से सलाह ली थी ताकि जमीनी हालात की सटीक जानकारी ली जा सके।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने इस साल जून 2022 में ही अपने दूतावास को सीमित रूप से खोल दिया था। भारत की सलाह के बाद जापान ने भी अपनी योजना को आगे बढ़ाया और 21 अक्टूबर को इसका ऐलान कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने एक बार फिर से तालिबान राज में भी अफगानिस्तान में अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया है। हालांकि भारत की अफगानिस्तान में अभी भी मौजूदगी एक संवेदनशील मामला है। भारत ने अभी एक तकनीकी टीम को ही भेजा है। पाकिस्तान का करीबी तालिबानी गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी भी कह चुका है कि वह भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ ऐक्शन लेगा। भारत ने अफगानिस्तान की जनता के लिए बड़े पैमाने पर गेहूं भेजा है। भारत विकास परियोजनाओं को फिर से शुरू करने जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की स्थिति अच्छी है लेकिन उसे सतर्कतापूर्वक कदम उठाने होंगे।

इससे पहले तालिबान राज आने के ठीक पहले भारत ने खुद को पूरी तरह से काबुल से निकाल लिया था। भारत के इस कदम पर विदेशी मामलों के विशेषज्ञों ने सवाल उठाए थे। भारत के जाने के बाद इस बात की आशंका बढ़ गई थी कि पाकिस्तान अफगानिस्तान का खुलकर इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान की हमेशा से ही कोशिश रही है कि वह अफगानिस्तान में भारत के प्रभाव को कम करे। साथ ही अफगानिस्तान को कश्मीर में सक्रिय आर्तंकियों के लिए पनाहगार के रूप में इस्तेमाल करे।भारत के इस डर की वजह पाकिस्तानी सेना, ढ्ढस्ढ्ढ और तालिबान के बीच करीबी रिश्ते थे। यही नहीं सितंबर 2021 में तालिबान सरकार आने के बाद ढ्ढस्ढ्ढ के तत्कालीन चीफ फैज हामिद ने काबुल का दौरा भी किया था। हालांकि एक साल में अब हालात बहुत बदल चुके हैं।

अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी कि वह अब इस युद्धग्रस्त देश पर पर्दे के पीछे से राज करेगा। यही वजह थी कि पाकिस्तान की सरकार और सेना ने तालिबान की खुलकर मदद की।पाकिस्तानी सेना और तालिबान के बीच आए दिन सीमा पर भीषण गोलाबारी और हवाई हमले हो रहे हैं। तालिबान ने पाकिस्तान को अलग करने वाली डूरंड लाइन को मानने से इंकार कर दिया है। यही नहीं तालिबान के राज में तहरीक-ए-तालिबान आतंकियों ने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिया है। टीटीपी और पाकिस्तानी सेना के बीच तालिबान की मध्यस्थता से हुआ शांति समझौता भी टूट गया है। टीटीपी के अफगानिस्तान में 4000 आतंकी सक्रिय हैं। टीटीपी ने फिर से खून बहाना शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार ञ्जञ्जक्र ने इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत से हाथ मिला लिया है इसी ने काबुल में पाकिस्तानी राजदूत को मारने की कोशिश की है। तालिबान राज आने के बाद पाकिस्तान में हमलों में 50 फीसदी की तेजी आई है।



## इंडोनेशिया के माउंट सेमेरु में फिर हुआ ज्वालामुखी विस्फोट, लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया गया

इंडोनेशिया की सबसे घनी आबादी वाले द्वीप पर स्थित सबसे ऊंचे ज्वालामुखी में रविवार को हुए नए विस्फोट में गैस के गुबार और लावा की नदियां फूटीं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी के अनुसार, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्रालय के तहत ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक खतरा शमन एजेंसी की जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि मॉनसून की बारिश खत्म हो गई और 3,676 मीटर ऊंचे माउंट सेमेरू के ऊपर लावा का गुंबद ढह गया, जिससे विस्फोट हुआ। कई गांवों में ज्वालामुखी से निकले लावों से पैदा हुए राख के गुबार के कारण सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही है, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लोगों को क्रेटर के मुहाने से पांच किलोमीटर दूर रहने और क्रेटर से लगभग 13 किलोमीटर दूर स्थित बेसुक कोबोकन नदी के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई है। पूर्वी जावा प्रांत के लुमाजांग में आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख जोको संबांग ने कहा, सैकड़ों लोगों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया या अन्य सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया गया, जिनमें ज्यादातर महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग थे। सेमेरु का आखिरी बड़ा विस्फोट पिछले साल दिसंबर में हुआ था, जब ज्वालामुखी विस्फोट के कारण 51 लोगों की मौत हो गई थी।

## खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने के आरोप में ईरान ने इज़राइल के लिए जासूसी करने पर चार लोगों को दी फांसी

ईरान प्रशासन ने इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने के आरोप में चार लोगों को रविवार को फांसी दे दी है। सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने बताया कि देश के रेवलूशनेरी गार्ड ने इज़राइली एजेंसी से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी थी। उसने कहा कि ये लोग निजी और सरकारी संपत्ति की चोरी करते थे तथा व्यक्तियों को अगवा कर उनसे पूछताछ करते थे। एजेंसी की खबर में कहा गया है कि इन कथित जासूसों के पास हथियार थे और उन्हें 'क्रिप्टोकरेंसी' के रूप में मोसाद से मेहनताना मिलता था। ईरान और इज़राइल कट्टर दुश्मन हैं। इरना ने बताया कि जिन्हें फांसी दी गई है उनमें हुसैन ओरदोखानज़ादा, शाहीन इमानी मोहमुदाबादी, मिलाद अशरफी और मनौचेहर शाहबंदी शामिल हैं।

## पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी कमांडर ढ़ेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिम भाग में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी कमांडर को गिराया जो हाई प्रोफाइल आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर वांछित था। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को कहा कि दो दिसंबर को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया था। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और अपहरण तथा फिरौती के अनेक मामलों में शामिल होने के कारण नूर आतंकवाद विरोधी विभाग (सीटीडी) द्वारा वांछित था। आईएसपीआर ने कहा, ''जबरदस्त गोलीबारी के दौरान कुख्यात आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं।'' पिछले महीने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में पाकिस्तानी सेना का एक जवान शहीद हो गया था।

## इंडोनेशिया के जावा द्वीप में भूकंप का तेज झटका, लोगों मे दहशत, कोई बड़ा नुकसान नहीं

इंटरनेशनल डेस्क. इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा के कुछ हिस्सों में शनिवार को भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिससे दहशत फैल गई और लोग घरों से निकलकर सड़क की ओर भागे। हालांकि, भूकंप के कारण मामूली क्षति हुई है। दो सप्ताह पहले इंडोनेशिया में आए शक्तिशाली भूकंप में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। 'अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण' ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 5.7 थी। यह भूकंप वेस्ट जावा और सेंट्रल जावा प्रांतों के बीच बंजार से लगभग 18 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में 112 किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रमुख सुहरयांतो ने कहा कि वेस्ट जावा के गरुत जिले के सेलावी गांव में एक व्यक्ति घायल हो गया और कम से कम चार मकान तथा एक स्कूल को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि अधिकारी नुकसान के बारे में और जानकारी जुटा रहे हैं। गरुत जिला प्रमुख रूडी गुनवन ने कहा कि बारिश के बीच भूकंप से लोगों में बेहद दहशत है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन ने अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और एंबुलेंस को तैयार रहने का निर्देश दिया। इंडोनिशया के वेस्ट जावा में 21 नवंबर को आए 5.6 तीव्रता के भूकंप में कम से कम 331 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 600 घायल हो गए थे। सुलावेसी में 2018 में आए भूकंप और सुनामी के बाद से इंडोनेशिया में यह सबसे भीषण भूकंप था, जिसमें लगभग 4,340 लोग मारे गए थे। इससे पूर्व, इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी की प्रमुख द्विकोरिता कर्णावती ने कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है, लेकिन भूकंप के बाद के संभावित झटकों की चेतावनी दी गई है। राजधानी जकार्ता में ऊंची इमारतें 10 सेकंड से अधिक समय तक हिलती रहीं। दहशत के मारे लोग सड़कों की ओर भागे। सेंट्रल जावा के कुलोन प्रोगो, बंटुल, केबुमेन और सिलाकैप शहरों में भी झटका महसूस किया गया। इंडोनेशिया की आबादी 27 करोड़ से अधिक है। प्रशांत बेसिन में ''रिंग ऑफ फायर'' पर स्थित होने के कारण देश अक्सर भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और सुनामी से प्रभावित होता है।

## फलस्तीनी उग्रवादियों के रॉकेट हमले के जवाब में इजराइल ने गाजा पर बमबारी की

इंटरनेशनल डेस्क। फलस्तीनी उग्रवादियों की ओर से रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइली विमानों ने रविवार तड़के गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हवाई हमला किया जो वेस्ट बैंक में बढ़ते तनाव का संकेत है। इजराइल की सेना ने कहा कि हवाई हमलों में एक हथियार निर्माण केंद्र और फलस्तीनी उग्रवादी समूह हमास से संबंधित एक भूमिगत सुरंग को निशाना बनाया गया। वर्ष 2007 से फलस्तीन के गाजा क्षेत्र पर हमास का नियंत्रण है। शनिवार शाम किए गए रॉकेट हमले की जिम्मेदारी किसी फलस्तीनी समूह ने नहीं ली, जो गाजा-इजराइल बाड़ के पास एक खुले क्षेत्र में गिरा। इजराइल और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के बीच अगस्त में तीन दिन तक चली झड़प के बाद से सीमा पर शांति थी। हमास को हथियार जमा करने से रोकने के लिए इजराइल और मिस्र ने गाजा की नाकेबंदी कर रखी है।

## इस्लामिक स्टेट ने काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हमले की जिम्मेदारी ली

इस्लामाबाद। इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने पिछले हफ्ते अफगानिस्तान में पाकिस्तान दूतावास पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में पाकिस्तान के मिशन प्रमुख तो बच गए थे लेकिन उनका एक सुरक्षा कर्मी जख्मी हो गया था। आईएस ने शनिवार देर रात जारी किए संक्षिप्त बयान में दावा किया कि उसके दो लड़ाकों ने 'विधर्मी' पाकिस्तानी राजदूत और उनके सुरक्षा कर्मियों पर तब हमला किया वे पाकिस्तानी दूतावास के परिसर में थे जिसमें एक सुरक्षा कर्मी जख्मी हुआ और इमारत को नुकसान पहुंचा। उसने इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शुक्रवार को हुए हमले में पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मी इसरार मोहम्मद जख्मी हो गए थे। वह सेना की कमांडो इकाई से संबंधित हैं। मगर मिशन के प्रमुख उबैद-उर-रहमान निज़ामी सुरक्षित बच गए थे। यह हमला ऐसे वक्त में हुआ था जब इस्लामाबाद का दावा है कि अफगानिस्तान में छुपी पाकिस्तान विरोधी ताकतें हमलों को अंजाम दे रही हैं।

# संपादकीय

## चीन की बेचैनी

कहा गया है कि चीन भारत के साथ रिश्तों में अमेरिकी दखल को गैर जरूरी मानता है। साथ ही कहा गया है कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं तथा सीमा गतिरोध को दूर करने की चीन इच्छा रखता है। वहीं भारत का मानना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाये रखे बिना समग्र संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता।

अमेरिकी-भारतीय सैन्य सहयोग से बढ़ी चिंता/ ऐसे समय में जब चीन की सीमा के निकट उत्तराखंड में भारत व अमेरिका की सेनाओं का साझा सैन्य अभ्यास चल रहा है चीन में खासी बेचैनी देखी जा रही है। इतना ही नहीं, चीन ने अमेरिका को चेताया है कि हम भारत के साथ अपने मुद्दे सुलझा लेंगे, इसमें अमेरिका दखल न दे। चीन की इस बेचैनी की एक वजह हाल में अमेरिकी कांग्रेस के लिये तैयार पेंटागन की नवीनतम रिपोर्ट भी है, जिसमें चीन की रक्षा तैयारियों से उत्पन्न चुनौतियों का जिक्र है। जो भारत-अमेरिका समेत दुनिया की चिंता बढ़ाने वाली हैं। तभी चीनी अधिकारियों ने अपने अमेरिकी समकक्षों को नई दिल्ली के साथ बीजिंग के संबंधों में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी है। कहा गया है कि चीन भारत के साथ रिश्तों में अमेरिकी दखल को गैर जरूरी मानता है। साथ ही कहा गया है कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं तथा सीमा गतिरोध को दूर करने की चीन इच्छा रखता है। वहीं भारत का मानना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाये रखे बिना समग्र संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता। दरअसल, वास्तविक नियंत्रण रेखा से सौ किलोमीटर दूर उत्तराखंड में चल रहे भारतीय-अमेरिकी सैन्य अभ्यास को लेकर चीन ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। ऐसी ही प्रतिक्रिया चीन ने तब भी दी थी जब अमेरिकी सेना के पैसिफिक कमांडिंग जनरल ने पूर्वी लद्दाख में स्थित एलएसी पर चीन द्वारा संरचनात्मक निर्माण को खतरनाक बताया था। यहां तक कि चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों पर आग में घी डालने तक का आरोप लगाया था। साथ ही अमेरिका को चेताया था कि बीजिंग और नई दिल्ली बातचीत से अपने मतभेदों को दूर करने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखते हैं। यानी अमेरिका को इसमें दखल देने की जरूरत नहीं है। निश्चित रूप से यह चीन की दोहरी रणनीति का ही हिस्सा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चीन बयानबाजी और हकीकत के अंतर को पाटने में विफल रहा है। जमीनी स्तर पर उत्पन्न विसंगतियों को दूर करने की कोई ईमानदार कोशिश चीन की तरफ से होती नजर नहीं आती। जब बातचीत की प्रक्रिया शुरू होती है तो उसका रवैया अड़ियल होता है। यहां तक कि दोनों देशों के सैन्य कमांडरों ने पिछले दो वर्षों में सोलह दौर की बातचीत की है। जिसके बावजूद कई विवादित स्थलों से चीनी सैनिकों की वापसी का मुद्दा उलझा हुआ है। इस बात का चीन को अहसास होना चाहिए कि भारत के साथ उसके संबंधों में भरोसे की कमी के चलते ही वाशिंगटन को नई दिल्ली के साथ रक्षा और सामरिक सहयोग को मजबूत बनाने का अवसर मिला है। आज अमेरिका भारत को इस क्षेत्र में एक मजबूत सहयोगी के रूप में देखता है, जो साम्राज्यवादी चीन के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने में सहायक हो सकता है। वहीं चीन की मंशा है कि सीमा पर विवाद तो न सुलझे मगर उसका व्यापार-कारोबार भारत में खूब फलता-फूलता रहे। यही वजह है कि चीन के साथ भारत का व्यापारिक घाटा लगभग 75 बिलियन डॉलर का हो गया है। भारत को सीमा गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में ढुलमुल रवैये को खत्म करने के लिये चीन को बाध्य करना चाहिए। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों की नये सिरे से समीक्षा भी की जानी चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि चीन पर देश की आयात निर्भरता को कम किया जाये। हमें इस बात से भी सतर्क रहना चाहिए कि बड़ी आबादी व आर्थिक संसाधनों वाले चीन ने हाल के वर्षों में अपनी परमाणु शक्ति के साथ ही अपनी नौसेना व वायुसेना को बहुत सशक्त बनाया है। जो भारत के लिये नई सामरिक चुनौती पैदा करते हैं। छल के लंबे इतिहास के बीच याद रखना जरूरी है कि पीएलए के शताब्दी वर्ष में चीनी सेना के तेवर चिंता बढ़ाने वाले हैं। ताइवान को हड़पने के उसके खतरनाक मंसूबे पूरी दुनिया में संघर्ष को विस्तार दे सकते हैं। भारत को अमेरिका के साथ क्वाड व अन्य संगठनों में सक्रिय भागीदारी बनाये रखनी चाहिए।

### सूक्ति

**साहित्य का कर्तव्य केवल ज्ञान देना नहीं है परंतु एक नया वातावरण देना भी है।**
**- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

**शत्रु का लोहा भले ही गर्म हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रहकर ही काम दे सकता है।**
**- सरदार पटेल**

### लॉफिंग ज़ोन

कानों से बहुत ज्यादा बहरे दो व्यक्ति बाजार में मिले। पहले ने पूछा, 'कहां जा रहे हो?'

दूसरा बोला, 'नमस्कार जी, नमस्कार।'

पहला, 'तुम्हारी सेहत कैसी हैं?'

दूसरा, 'बैंगन लेकर आ रहा हूं।'

पहला, 'बाल-बच्चे कैसे हैं?'

दूसरा, 'दस रूपये किलो।'

□ □ □ □ □

गुल्लू जी अपने दोस्त के घर खाना-खाने के लिए पहुंचे। खाना जब सामने परोसा तो थाली में सिर्फ दाल और चपाती थी। गुल्लू जी भूखे थे। जैसे ही खाने को आतुर हुए कि दोस्त बोला, 'अभी ठहरो, लड्डू, पेड़ा और बर्फी भी आ जाएं तब साथ में खाएंगे।' गुल्लूजी खुश। काफी देर बाद एक बच्ची और दो बच्चे आए। तो मेजबान दोस्त ने परिचय करवाया, 'ये मेरे बच्च हैं, लड़कों के नाम हैं लड्डू और पेड़ा और लड़की का नाम बर्फी।'

□ □ □ □ □

मैडम (राजू की मां से), 'आप अपने राजू को अच्छी तरह नहला-धुला कर भेजा करें। उसके शरीर से बदबू आती है। राजू की मां, 'मैं राजू को स्कूल में पढ़ने के लिए भेजती हूं। सूघंने के लिए नहीं।'

□ □ □ □ □

# भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को गति देने में भारतीय नागरिकों के कर्तव्य

(लेखक- प्रहलाद सबनानी)

अभी हाल ही में अमेरिका के निवेश के सम्बंध में सलाह देने वाले एक प्रतिष्ठित संस्थान मोर्गन स्टैनली ने अपने एक अनुसंधान प्रतिवेदन में यह बताया है कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास की दृष्टि से अगला दशक भारत का होने जा रहा है। इस सम्बंध में उक्त प्रतिवेदन में कई कारण गिनाए गए हैं। जैसे भारत में वर्तमान में 50 लाख परिवारों की आय 35000 अमेरिकी डॉलर से अधिक है। आगे आने वाले 10 वर्षों में यह संख्या 5 गुना बढ़कर 250 लाख परिवार होने जा रही है। इससे भारत में विभिन्न वस्तुओं का उपभोग द्रुत गति से बढ़ने जा रहा है। वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2278 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जो 10 वर्षों के दौरान दुगनी से भी अधिक होकर 5242 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष हो जाएगी। वर्तमान के सेवा क्षेत्र के निर्यात में वैश्विक स्तर पर भारत की हिस्सेदारी 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वहीं विनिर्माण क्षेत्र में यह 1.7 प्रतिशत से बढ़कर 1.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वर्ष 2021-2030 के दौरान पूरे विश्व में बिकने वाली कुल कारों में से 25 प्रतिशत कारें भारत में निर्मित कारें होंगी। साथ ही 2030 तक यात्री वाहनों की बिक्री में 30 प्रतिशत हिस्सा विद्युत चलित वाहनों का होगा जिनका निर्माण भी भारत में अधिक होगा। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों द्वारा किए जा रहे उत्पादों के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत पहुंचने की प्रबल सम्भावना है। वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 900 वाट ऊर्जा का उपयोग होता है जबकि यह आगे आने वाले समय में बढ़कर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 1450 वाट ऊर्जा होने जा रहा है क्योंकि भारत में 6 लाख से अधिक गावों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। हालांकि फिर भी यह अमेरिका में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 9000 वाट ऊर्जा से बहुत कम ही रहने वाला है। परंतु इसमें एक सिल्वर लाइनिंग जो दिखाई दे रही है वह यह है कि भारत में ऊर्जा के उपयोग में होने वाली वृद्धि का 70 प्रतिशत से अधिक भाग नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र से प्राप्त होने वाला है। अतः नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र में भारत में निवेश बहुत बड़ी मात्रा में होने जा रहा है इसमें विदेशी निवेश भी शामिल है। इस कारण से भारत में जीवाश्म ऊर्जा की मांग कम होगी और कच्चे तेल (डीजल पेट्रोल) की मांग भी कम होगी। इससे पर्यावरण में भी सुधार दृष्टिगोचर होगा। इसके साथ ही भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच जो वर्तमान में 30-40 प्रतिशत जनसंख्या तक ही सीमित है वह आगे आने वाले समय में बढ़कर 60-70 प्रतिशत जनसंख्या तक हो जाएगी। अभी तक चीन पूरे विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र बन गया था और अमेरिका उत्पादों के उपभोग का मुख्य केंद्र बन गया था। परंतु आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान स्थिति बदलने वाली है। भारत चीन से भी आगे निकलकर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने जा रहा है जिससे भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ेगा। अतः भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन जाएगा बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र भी बन जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। उक्त वर्णित कारणों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। इसी प्रकार भारत का पूंजी बाजार भी अपने वर्तमान स्तर 3.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर पर 11 प्रतिशत की चक्रवृद्धि की दर से वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए अगले 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा। भारत में घरेलू मांग के लगातार मजबूत होने से एवं भारत में डिजिटल क्रांति के कारण भारतीय नागरिकों की आय में बहुत अधिक वृद्धि होने की सम्भावना के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का पांचवा हिस्सा भारत से निकलेगा ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है। इन परिस्थितियों के बीच भारतीय नागरिक होने के नाते हमें भी कुछ दायित्वों का निर्वहन करना होगा ताकि भारत के आर्थिक विकास को और अधिक बल दिया जाकर इसे सुदृढ़ बनाया जा सके। सबसे पहिले तो भारतीय नागरिक होने के नाते हमें अपने आप में नियमों का पालन करने की संस्कृति विकसित करनी होगी। 'चलता है' के दृष्टिकोण को त्यागना अब जरूरी हो गया है। अमेरिका में रात्रि 2 बजे भी किसी भी दिशा से कोई वाहन न आने के बावजूद क्रॉसिंग लाल होने पर इसे कोई नागरिक पार नहीं करता है। भारत के नागरिकों में भी नियमों को पालन करने के संदर्भ में इस प्रकार की संस्कृति को विकसित किया जाना आवश्यक है। भारत में गैरऔपचारीकृत अर्थव्यवस्था (इसे सामान्य भाषा में नम्बर दो की अर्थव्यवस्था भी कहा जाता है) को समाप्त होना चाहिए। कभी यह समानांतर अर्थव्यवस्था हुआ करती थी। परंतु अब धीरे धीरे गैरऔपचारीकृत अर्थव्यवस्था नियंत्रित हो रही है। बिल के साथ समान खरीदें भले यह थोड़ा महंगा पड़े। यदि देश के समस्त नागरिक ईमानदारी से करों का भुगतान करने लगें तो ऐसा कहा जाता है कि आयकर की दर भारत में घटकर शायद 10 प्रतिशत तक नीचे आ जाए। भारत में तेजी से विकसित हो रहे डिजिटलीकरण की व्यवस्था को समस्त नागरिक अपनाएं। इससे मुद्रा प्रसार कम होगा अधिक मुद्रा प्रसार से देश में मुद्रा स्फीति बढ़ती है। डिजिटलीकरण की व्यवस्था अपनाने से कर की चोरी रूकती है। अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण होता है। साथ ही रुपए को चलायमान रखने हेतु जो खर्च होता है इसे बचाया जा सकता है। एक अनुमान के अनुसार रुपए की प्रिंटिंग लागत प्रतिवर्ष लगभग रुपए 15000 से 25000 करोड़ के बीच रहती है। आम नागरिकों की बीच मुफ़्तखोरी की भावना जागृत करना देश के लिए भविष्य में बहुत भारी पड़ सकती है। श्रीलंका का उदाहरण हम सभी की सामने हैं। अतः थोड़ी परेशानी झेलकर भी टैक्स अदा करने की आदत डालें एवं मुफ़्तखोरी से बिल्कुल दूर रहना होगा। खाद्य पदार्थों के अपव्यय एवं नुक्सान को रोकें। इससे मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगेगा एवं प्रकृति के बहुमूल्य स्त्रोत बचाए जा सकेंगे। वैसे भी हमारी भारतीय संस्कृति के अनुसार हमें प्रकृति का दोहन करना चाहिए शोषण नहीं। प्रकृति से जितना आवश्यकता है केवल उतना ही लें। आत्मनिर्भरता प्राप्त करने हेतु स्वदेशी अपनाना अब आवश्यक हो गया है। इससे विभिन्न पदार्थों के आयात में कमी लाई जा सकेगी। इसके लिए भारतीय नागरिकों को अपनी सोच में गुणात्मक परिवर्तन लाना होंगे एवं निम्न गुणवत्ता वाले सस्ते विदेशी उत्पाद खरीदना अब बंद करना होगा। भारत में निर्मित उत्पाद चाहे वह थोड़े महंगे ही क्यों न हो ही खरीदें। उत्पाद की जितनी आवश्यकता है उतना ही खरीदें। हमें वैश्विक बाजारीकरण की मान्यताओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। हमारी भारतीय संस्कृति महान रही है और आगे भी रहेगी। हमारी संस्कृति के अनुसार धर्म कर्म एवं अर्थ सम्बंधी कार्य मोक्ष प्राप्त करने के उद्देश्य से किए जाते हैं। अतः अर्थ के क्षेत्र में भी धर्म का पालन करना आवश्यक है। कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण होना बहुत आवश्यक है। इससे राजकोषीय घाटा कम होकर इसका दृढ़ीकरण होगा। 500 एवं 1000 रुपए के नोटों का विमुद्रीकरण भी इसी उद्देश्य से किया गया था। पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते नकली नोट बहुत बड़ी मात्रा में भारत में लाए जा रहे थे और भारतीय अर्थव्यवस्था को तहस नहस करने का बहुत बड़ा षड्यंत्र समाप्त किया गया था। नागरिकों में स्व का भाव जगा कर उनमें राष्ट्र प्रेम की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। इससे आर्थिक गतिविधियों को देशहित में करने की इच्छा शक्ति नागरिकों में जागृत होगी और देश के विकास में प्रबल तेजी दृष्टिगोचर होगी। इस प्रकार का कार्य सफलतापूर्वक जापान ब्रिटेन इजराईल एवं जर्मनी ने द्वितीय विश्व युद्ध (1945) के पश्चात किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वर्ष 1925 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय नागरिकों में स्व का भाव जगाने का लगातार प्रयास कर रहा है। संघ के परम पूज्य सर संघचालक माननीय डॉक्टर मोहन भागवत जी ने कहा था कि दुनिया विभिन्न क्षेत्रों में आ रही समस्याओं के हल हेतु कई कारणों से अब भारत की ओर बहुत उम्मीद भारी नजरों से देख रही है। यह सब भारतीय नागरिकों में स्व के भाव के जगने के कारण सम्भव हो रहा है और अब समय आ गया है कि भारत के नागरिकों में स्व के भाव का बड़े स्तर पर अवलंबन किया जाय क्योंकि हमारा अस्तित्व ही भारतीयतता के स्व के कारण है।

# डिज्नीलैंड की स्थापना में 300 बार असफल हुए थे वाल्ट डिज्नी

(लेखक- योगेश कुमार गोयल/ वाल्ट डिज्नी के जन्मदिवस (5 दिसम्बर) पर विशेष

5 दिसम्बर 1901 को जन्मे वाल्टर एलियास वाल्ड डिज्नी द्वारा मूल रूप से अमेरिका के कैलिफोर्निया के एनाहिम में स्थित बनवाए गए डिज्नीलैंड में प्रतिवर्ष करीब एक करोड़ साठ लाख पर्यटक पहुंचते हैं जहां अभी तक 50 करोड़ से भी ज्यादा पर्यटक पहुंच चुके हैं। इन पर्यटकों में कई देशों के राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष तथा अनेक शाही लोग भी शामिल हैं। 'डिज्नीलैंड' एक ऐसा मनोरंजन और थीम पार्क है जहां दुनियाभर से आने वाले बच्चों के साथ-साथ बड़े भी खूब मस्ती करते हैं क्योंकि यह ऐसी जगह है जहां कल्पनाओं से भरी अनूठी दुनिया हर किसी को आनंदित करती है। वाल्ड डिज्नी द्वारा डिज्नीलैंड का नाम इसके संस्थापक वाल्ट डिज्नी के नाम पर ही रखा गया। वाल्ट डिज्नी चाहते थे कि वे एक ऐसे थीम पार्क का निर्माण करें जहां माता-पिता और बच्चे दोनों ही एक साथ आनंद ले सकें। डिज्नीलैंड के रूप में उन्होंने अपने इसी विचार को मूर्त रूप दिया। वर्ष 1940 के आसपास की बात है जब एक बार रविवार के दिन वाल्ट डिज्नी अपनी दोनों प्यारी बेटियों डियान और भोरॉन के साथ ग्रिफिश पार्क में घूमने गए थे। हालांकि वहां दूसरे बच्चे मस्ती कर रहे थे लेकिन उनकी बेटियों को वह पार्क इतना अच्छा नहीं लगा। तब वाल्ट डिज्नी के मन में विचार आया कि क्यों न एक ऐसी जगह विकसित की जाए जहां बच्चों के साथ-साथ बड़े भी भरपूर मस्ती कर सकें। उसी के बाद वाल्ट डिज्नी थ्रिलर और मस्ती से भरी एक ऐसी ही दुनिया के निर्माण में जुट गए। कहा जाता है कि वाल्ट डिज्नी 'डिज्नीलैंड' की स्थापना करने के मुकाम तक पहुंचने में करीब तीन सौ बार असफल हुए किन्तु उन्होंने हार नहीं मानी और काफी लंबे प्रयासों तथा अथक परिश्रम के बाद 'डिज्नीलैंड' के रूप में उनका सपना साकार हुआ जो आज दुनियाभर में हर किसी के आकर्षण का केन्द्र बना है। असफलताओं से जूझते-जूझते सफलता के इतने बड़े मुकाम तक पहुंचने की उनकी यह कहानी ऐसे लोगों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा भी है जो एक-दो बार की असफलता के बाद ही हार मानकर अपने जीवन से निराश हो जाते हैं। वाल्ट डिज्नी जब 19 साल के थे तब उन्होंने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर एक कमर्शियल आर्टिस्ट कम्पनी की नींव रखी। उस समय वे कई अखबारों और प्रकाशकों के लिए कार्टून बनाया करते थे। 16 अक्तूबर 1923 को उन्होंने अपने भाई के साथ मिलकर 'डिज्नी ब्रदर्स कार्टून स्टूडियो' की नींव रखी। बहुत थोड़े ही समय में डिज्नी के कार्टून्स की लोकप्रियता इतनी बढ़ गई कि लोग चिट्ठियां लिख-लिखकर उनके स्टूडियो में आने की इच्छा जताने लगे। उनका स्टूडियो छोटा था इसलिए उन्होंने ऐसा थीम पार्क बनाने के अपने आइडिया को मूर्त रूप देने का निश्चय किया जहां लोग दिनभर परिवार के साथ खूब मस्ती कर सकें। हालांकि पहले इस पार्क को स्टूडियो के पास ही तीन एकड़ जगह पर बनाए जाने पर विचार हुआ किन्तु बाद में इसे एनाहिम में 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में बनाया गया। डिज्नीलैंड की स्थापना के बाद वाल्ट डिज्नी दुनियाभर के मनोरंजन पार्कों में घूम-घूमकर देखते रहे कि वहां लोगों की दिलचस्पी किन-किन चीजों में है उसी के आधार पर डिज्नीलैंड में भी वे उन सभी चीजों का समावेश करते रहे जो लोगों को ज्यादा आकर्षित करती थी। 'वाल्ट डिज्नी पार्क्स' के स्वामित्व वाले डिज्नीलैंड की स्थापना 17 जुलाई 1955 को हुई थी। उस दिन सजीव टेलीविजन प्रसारण के साथ डिज्नीलैंड का पूर्वावलोकन किया गया था जिसे आर्ट लिंकलेटर और रोनाल्ड रीगन द्वारा आयोजित किया गया था। उसके अगले दिन 18 जुलाई 1955 को डिज्नीलैंड को आम लोगों के लिए खोल दिया गया था जहां एक डॉलर मूल्य का इसका सबसे पहला टिकट इसके संस्थापक वाल्ट डिज्नी के भाई ने खरीदा था। आजकल यहां के एक दिन के टिकट की कीमत सौ डॉलर से भी ज्यादा है। 17 जुलाई को ओपनिंग के दिन हालांकि वाल्ट डिज्नी ने ओपनिंग सेरेमनी में कुछ खास मेहमानों के अलावा कुछ पत्रकारों को ही आमंत्रित किया था किन्तु इस समारोह में करीब 28 हजार लोग पहुंचे गए जिनमें से आधे से भी ज्यादा ऐसे लोग थे जिन्हें कोई आमंत्रण नहीं दिया गया था। डिज्नीलैंड के उस समारोह का सीधा प्रसारण किया गया था। लोगों की अचानक उमड़ी भीड़ के चलते चारों तरफ अव्यवस्था का आलम बन गया था। पीने के पानी की कमी हो गई थी बेहद गर्मी के चलते कुछ ही समय पहले वहां कुछ जगहों पर जमीन पर डाला गया तारकोल पिघलने से महिलाओं की सैंडिलें उस पर चिपक रही थी। जो कोल्ड ड्रिंक कम्पनी डिज्नीलैंड की उस ओपनिंग सेरेमनी को स्पांसर कर रही थी उसने पानी की कमी होने पर नलों से पानी आना बंद होने पर नलों के पास ही कोल्ड ड्रिंक बेचना शुरू कर दिया था जिससे लोगों में खासी नाराजगी भी उत्पन्न हो गई थी। यही वजह रही कि डिज्नीलैंड के 'ओपनिंग डे' को 'ब्लैक संडे' के नाम से भी जाना जाता है।


वैसे तो पूरा डिज्नीलैंड ही कल्पनाओं रहस्य और रोमांच से भरा है फिर भी मिकी माउस मिनी माउस प्रिंसेस टियाना टिंकर बेल गूफी पूह जैसे डिज्नी कार्टून कैरेक्टर्स के साथ अलग-अलग थीम पर बने डिज्नीलैंड में पेड़ पर टारजन का घर इंडियाना जोंस टेंपल ऑफ द फॉरबिडेन आई पायरेट्स ऑफ द कैरेबियन माउंटेड मेंसन पैसेंजर ट्रेन रोमांच से भरी जंगल लाइफ फेरिस व्हील स्काई राइड इत्यादि हर समय आकर्षण का मुख्य केन्द्र बने रहते हैं। बच्चे टीवी पर जिस मिकी माउस और मिनी माउस को देखकर खुश होते हैं और अपना मनोरंजन करते हैं वे उन्हें यहां जगह-जगह पर घूमते-फिरते बातें करते और डांस करते नजर आएंगे। इस खूबसूरत मनोरंजन पार्क में 'मिकी टूनटाउन' में बच्चों के इन पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स का घर बनाया गया है।हालांकि 1971 में फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में डिज्नी वर्ल्ड 1983 में टोक्यो में डिज्नीलैंड 1992 में पेरिस में यूरो डिज्नीलैंड तथा 2005 में हांगकांग डिज्नीलैंड की भी स्थापना हुई है किन्तु अमेरिका के कैलिफोर्निया के एनाहिम में स्थित 'डिज्नीलैंड' सबसे पुराना और सबसे विस्तृत डिज्नीलैंड है जिसका कुल क्षेत्रफल 73.5 हेक्टेयर है जिसमें से 30 हेक्टेयर में थीम पार्क है। बताया जाता है कि यह इतना विशाल मनोरंजन पार्क है कि इसके संचालन और देखभाल के लिए यहां 65 हजार से भी ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं।

(लेखक 32 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

(चिंतन-मनन)

## अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा क्यों? कन्या बोली पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ऍसा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी बूढ़ी होती जाऊंगी मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है। प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।





## जटा

शंकर भगवान अंतरिक्ष के देवता है। भोले का एक नाम व्योमकेश भी है। उनकी जटाएं आकाश की तरह हैं, जो कि वायुमंडल का प्रतीक है।

# भोले शंकर की वेशभूषा में शामिल हैं अजूबे

सावन में भगवान शिव के भक्त पूजा-अर्चना में व्यस्त हैं। इस पूरे महीने भोले शंकर के साथ-साथ शिव परिवार की भी आराधना की जा रही है। भोले बाबा को लेकर कई तरह की कथाएं प्रचलित है। मगर उनके पहनावे को लेकर कुछ ऐसी बातें हैं, जिन पर अधिकतर लोगों का ध्यान नहीं गया होगा। भगवान शिव का पहनावा सबसे अलग है। आइए जानते हैं भोलेनाथ की वेशभूषा से जुड़ी वो 7 बातें जिन पर अधिकतर लोगों का ध्यान नहीं जाता है-

## चंद्रमा



भगवान शिव के कई नाम हैं, इनमें से एक सोम भी है। इसलिए भोले को सोमवार का दिन सबसे ज्यादा प्रिय है। दरअसल सोम का अर्थ चंद्रमा होता है। यह मन का कारक होता है। भोले का चंद्रमा को धारण करने का मतलब मन पर नियंत्रण को लेकर है। यह इसका प्रतीक माना जाता है।

## अधिकतर लोग नहीं जानते ये बात

## डमरू




डमरू भगवान शिव का प्रिय वाद्य यंत्र है। यह नाद का प्रतीक है। भोले नाथ को संगीत का जनक माना जाता है। मान्यता है कि शंकर भगवान से पहले किसी को भी नाचना, गाना या बजाना नहीं आता था। भगवान शिव दो तरह के नृत्य करते हैं। इसका एक प्रकार नाद है। नाद अर्थात ऐसी ध्वनि, जो ब्रह्मांड में निरंतर जारी है।

## त्रिपुंड तिलक



भगवान शिव के माथे पर त्रिपुंड तिलक हमेशा लगा रहता है। यह तीन लंबी धारियों वाला तिलक होता है, जो कि त्रिलोक्य और त्रिगुण का प्रतीक माना जाता है। यह सतोगुण, रजोगुण और तपोगुण का प्रतीक भी है। यह त्रिपुंड सफेद चंदन का या भस्म का होता है।

## त्रिशूल



त्रिशूल भोले का अस्त्र है। इसकी शक्ति के आगे कोई भी नहीं ठहर सका है। इससे जुड़ी कुछ अहम बातें हैं, जो अधिकतर लोग नहीं जानते हैं। त्रिशूल 3 प्रकार के कष्टों दैनिक, दैविक, भौतिक के विनाश का सूचक है। इसमें 3 तरह की शक्तियां हैं- सत, रज और तम।

## इन वास्तु के उपायों से घर के सभी सदस्य रहेंगे स्वस्थ और खुशहाल

तनावपूर्ण जीवन आपकी खुशहाली छीन लेता है और आपको अस्वस्थ करता है। कैसे रहें घर में सभी सदस्य स्वस्थ और खुशहाल, अपनाएं ये वास्तु के उपाय-

- वास्तु में घर के मुख्य दरवाजे को ऊर्जा का प्रमुख स्रोत माना जाता है। घर का मुख्य दरवाजा ही घर में अच्छी सकारात्मक ऊर्जा लाता है। इसलिए मुख्य दरवाजे का कोई वास्तुदोष नहीं होना चाहिए। घर के मुख्य दरवाजे के सामने कोई बंध, बाधा, खंभा, ट्रांसफॉर्मर, भट्ठी या हमेशा पानी भरा रहना, कीचड़ एवं गंदगी रहती है, तो तुरंत उसे हटाएं, वरना घर में बीमारियां कभी भी पीछा नहीं छोड़ेंगी।
- आपने एक वास्तु पुरुष का चित्र अवश्य देखा होगा। इसमें ईशान में यानी नॉर्थ-ईस्ट में वास्तु पुरुष का सिर है। आप इस चित्र को अपने घर के नक्शे पर दिशा मिलाकर रखें। घर में किसी सदस्य को विशेषकर घर के वरिष्ठ सदस्य को यदि सेहत की कोई समस्या आ रही है, चाहे सिरदर्द की, घुटने में दर्द की या दिल की बीमारी आदि तो आप पाएंगे कि वास्तु पुरुष का सिर, घुटना या दिल घर के नक्शे में जिस हिस्से में आ रहा है, वहां पर वास्तु दोष है। आप तुरंत घर के उस वास्तु दोष को दूर करके अपने घर के सदस्य की बीमारी-परेशानी से पीछा छुड़ा सकते हैं।
- यदि स्वास्थ्य का जोन/कोण/एरिया घर में जानना है तो वो नॉर्थ, नॉर्थ-ईस्ट दिशा में है। घर में यह हिस्सा दोषरहित होना आवश्यक है, तभी घर के सदस्य स्वस्थ रह सकते हैं। आप अपनी दवाइयां घर के इसी हिस्से में रखें एवं पानी लेकर वहां पर जाएं एवं वहीं पर बैठकर दवाई ग्रहण करें। ये जोन साफ-सुथरा रहना चाहिए। यदि आप इस जोन में महामृत्युंजय मंत्र की सीडी दिन में आधा-एक घंटा चलाएं तो घर की बीमारी-परेशानी निश्चित रूप से कम होने लगती हैं। यदि शिव का जो महामृत्युंजय रूप है, उसका चित्र इस नॉर्थ, नॉर्थ-ईस्ट की दीवार पर लगा देते हैं तो भी बहुत तेजी से बीमारी ठीक होने लगती है व बिना तोड़फोड़ के ही घर का वास्तु ठीक हो जाता है तथा घर के सदस्यों की सेहत अच्छी हो जाती है।
- आप जिस कमरे में सोते हैं, वहां कूड़ा-करकट, पुराना टूटा-फूटा सामान, खराब इलेक्ट्रॉनिक्स या मैग्नेटिक सामान बिल्कुल भी न हो, वरना स्वास्थ्य खराब रहेगा। यदि बेडरूम में शीशा/दर्पण इस तरह से लगा है कि सोते समय आधा शरीर उसमें दिखाई देता है तो तुरंत उसे हटा दें। और हटा नहीं सकते हैं तो रात को उसे ढककर अवश्य सोएं, वरना ये दर्पण कोई न कोई ऑपरेशन/सर्जरी करा सकता है।
- घर में बीम के नीचे बैठना एवं सोना नहीं चाहिए, जो व्यक्ति बीम के नीचे बैठता या सोता है तो उससे घर में तनाव बढ़ता है और धीरे-धीरे कोई बीमारी हो जाती है।
- जब आप रात को सोते हैं तो कभी भी उत्तर दिशा में सिर करके न सोएं। इससे नींद में बाधा/अनिद्रा का सामना करना पड़ता है एवं लंबे समय तक ऐसे सोने से सिरदर्द व अन्य बीमारियां घेरती चली जाती हैं।
- यदि घर में 12-14 वर्ष की आयु से छोटे बच्चे हैं तो उनके लिए पूर्व दिशा की ओर सिर करके सोना सर्वोत्तम रहता है। वरिष्ठ सदस्य दक्षिण या पश्चिम में सिर करके सोएंगे तो भी अच्छा रहेगा।
- भोजन करते समय मुख पूर्व या उत्तर दिशा की तरफ होना चाहिए।
- स्वस्तिक का निशान सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। यदि घर में कोई कोना कटा हुआ है या घर का कोई हिस्सा बढ़ा हुआ है और तोड़-फोड़ भी संभव नहीं है तो किसी अच्छे वास्तुशास्त्री से राय लेकर उस दोष वाली दीवार पर यदि 9 आकार का स्वस्तिक का निशान या पोस्टर लगा दें तो इससे वास्तुदोष ठीक हो जाता है ।

## शिव जी के 11 नामों का उच्चारण करने से हर मनोकामना पूर्ण होगी

-ऊॅ अघोराय नाम:।
-ऊॅ शर्वया नम:।
-ऊॅ महेश्वराय नम:।
-ऊॅ ईशानाय नम:।
-ऊॅ शूलपाणे नम:।
-ऊॅ भैरवाय नम:।
-ऊॅ कपर्दिने नम:।
-ऊॅ त्रयम्बकाय नम:।
-ऊॅ विश्वरूपिणे नम:।
-ऊॅ विरूपक्षाय नम:।
-ऊॅ पशुपते नम:।



## गंगा



जब गंगा को स्वर्ग से धरती पर लाने का प्रयास किया जा रहा था, तब प्रश्न उठा कि गंगा के तीव्र वेग को धरती कैसे संभालेगी। इससे धरती में विशाल छिद्र हो सकता है और गंगा पाताल में समा जाएगी। इसलिए भगवान शिव से इस समस्या का हल निकालने की प्रार्थना की गई। शिव भगवान मान गए और उन्होंने स्वर्ग से उतरते समय गंगा को अपनी जटाओं में समा लिया। इसके पश्चात गंगा का धरती पर प्रवाह संभव हुआ।

## भभूत (भस्म)



भोले शंकर शरीर पर भस्म लगाते हैं। यह निस्सारता का बोध कराती है। भस्म मोह और आकर्षण से मुक्ति का भी प्रतीक है। उज्जैन में भगवान शिव का एक मात्र मंदिर है, जहां भस्म से आरती की जाती है। यहां श्मशान की भस्म का उपयोग किया जाता है।

## श्रीगणेश दूर करेंगे सभी तरह के वास्तु दोष



भगवान श्रीगणेश को विघ्न विनाशक कहा गया है। किसी भी व्रत या अनुष्ठान में सबसे पहले श्रीगणेश जी का पूजन ही की जाती है। भगवान गणेश की वंदना कर सभी प्रकार के वास्तु दोषों को दूर किया जा सकता है। नियमित रूप से श्रीगणेश जी की आराधना से वास्तु दोष दूर हो जाते हैं।

घर या कार्यस्थल में भगवान श्रीगणेश की मूर्ति या चित्र अवश्य लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में इनका मुख दक्षिण दिशा या नैऋत्य कोण में नहीं होना चाहिए। घर-परिवार में सुख, शांति, समृद्धि के लिए भगवान श्रीगणेश की सफेद रंग की मूर्ति या चित्र लगाना चाहिए। श्रीगणेश को मोदक एवं उनका वाहन मूषक अतिप्रिय है। अतः चित्र लगाते समय ध्यान रखें कि चित्र में मोदक या लड्डू और मूषक अवश्य होना चाहिए। घर में श्रीगणेश जी की बैठे हुए और कार्यस्थल पर खड़े हुए रूप में मूर्ति लगानी चाहिए। खड़े हुए श्रीगणेश के चित्र में उनके दोनों पैर जमीन को स्पर्श करते हुए हों, इससे कार्यक्षेत्र में स्थिरता आती है। सिंदूरी रंग के श्रीगणेश की पूजा-अर्चना करने से सभी कार्य मंगलमय होते हैं। श्रीगणेश जी की मूर्ति को घर में स्थापित करने से धन एवं समृद्धि अवश्य आती हैं। श्रीगणेश जी की मूर्ति के साथ मां लक्ष्मी जी की भी मूर्ति रखें। ऐसा करने से धन और सौभाग्य दौड़े चले आते हैं। ध्यान रखें कि सीढ़ियों के नीचे भी किसी भी देवी-देवता की प्रतिमा या केलैंडर नहीं लगाना चाहिए।

## भोले बाबा को इतना प्रिय क्यों है बिल्वपत्र?

भोले बाबा का सबसे प्रिय और किसानों की खुशहाली का महीना सावन चल रहा है। इस महीने में शिव भक्त बाबा को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार के जप-तप करते हैं। कहते हैं कि शिव जी को भांग, धतूरा, बिल्वपत्र आदि बहुत प्रिय है। हम सभी ने गर्मियों में बेल का शरबत सेवन किया होगा। बेल वात, पित्त एवं कफ को नियंत्रित करता है तथा पाचन संस्थान को बलवान बनाता है। आयुर्वेद में बेल की बड़ी महिमा बताई गई है। यह एक जगंली पेड़ जो आम-तौर पर लोग अपने घर में इसे नहीं लगाते है। बेल की पत्तियों को जितना तोड़ा जाएगा, इस पेड़ का उतना ही विकास होगा। यह प्रकृति की अनमोल कृति बची रही है, इसलिए इसकी पत्तियों को भगवान शंकर पर चढ़ाया जाता है।



### बिल्वपत्र ऐसे चढ़ाएं

- बिल्वपत्र भोले नाथ पर सदैव उल्टा रखकर अर्पित करें।
- बिल्वपत्र में चक्र एंव वज्र नहीं होने चाहिए। कीड़ो द्वारा बनाएं हुए सफेद चिन्हों को चक्र कहते है और डंठल के मोटे भाग को वज्र कहते है।
- बिल्वपत्र कटे या फटे न हो। ये तीन से लेकर 11 दलों तक प्राप्त होते है। रूद्र के 11 अवतार है, इसलिए 11 दलों वाले बिल्वपत्र चढ़ाएं जाएं तो महादेव ज्यादा प्रसन्न होंगे।
- बिल्वपत्र चढ़ाने से तीन जन्मों तक पाप नष्ट हो जाते हैं।
- शिव के साथ पार्वती जी पूजा अवश्य करें, तभी पूर्ण फल मिलेगा।
- पूजन करते वक्त रूद्राक्ष की माला अवश्य धारण करें।
- भस्म से तीन तिरछी लकीरों वाला तिलक लगाएं।
- शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ प्रसाद ग्रहण नहीं करना चाहिए।
- शिवलिंग की आधी परिक्रमा ही करें।
- शिव जी पर केंवड़ा व चम्पा के फूल कदापि न चढ़ाएं।
- शिव जी के 11 नामों का उच्चारण करने से हर मनोकामना पूर्ण होगी

# सही स्थान पर रखें जूते चप्पल, घर में आएगी शुभ ऊर्जा

कई बार जाने-अनजाने हम जूते-चप्पलों को घर में सही जगह न रखकर अच्छे वास्तु को भी खराब कर लेते हैं। घर या अन्य बाहर से आने वाले लोग अपने जूते-चप्पलों के साथ नकारात्मक ऊर्जा घर में लेकर न आएं, इसलिए मुख्य दरवाजे के बाहर जूते-चप्पलों की व्यवस्था को उचित माना गया है।

ध्यान रखें, जूते की अलमारी मुख्य दरवाजे से 2-3 फुट की दूरी पर हो। यह भी ध्यान रहे, जूते की रैक या अलमारी में रखे जूते-चप्पल बाहर की ओर दिखते न रहें। इसमें दरवाजा लगा हो या स्लाइडिंग द्वार हो। मुख्य दरवाजे से ही गणेश-लक्ष्मी एवं अन्य शुभ ऊर्जा घर में प्रवेश करती है, इसलिए जूते-चप्पल ढके हों और ऊर्जा को घर में प्रवेश करने में कोई बाधा न हो।

जूते-चप्पल की अलमारी कभी भी घर में बने पूजा के कमरे और रसोई की दीवार से सटाकर नहीं रखें, वरना ये वास्तुदोष पैदा करते हैं। यदि खाना बनाते समय एवं खाना खाते समय भी जूते-चप्पल न पहने हों तो ये बहुत अच्छा रहता है। घर के पूर्व, उत्तर, ईशान या आग्नेय कोण में जूते-चप्पल की रैक या अलमारी कभी न बनाएं। अलमारी के लिए वायव्य यानी उत्तर-पश्चिम दिशा व नैऋत्य यानी दक्षिण-पश्चिम दिशा सही जगह है। घर में इन्हीं जगहों पर जूते-चप्पल की अलमारी या रैक बनाएं।



### इन बिंदुओं का रखें ध्यान

- घर में यदि जूते-चप्पल बिखरे हुए पड़े रहते हैं तो ये घर के सदस्यों में आपसी संबंध खराब करते हैं। इसलिए घर में सही दिशा में स्थान निर्धारित कर एक ही जगह पर जूते-चप्पल रखे होने चाहिए।
- अगर रहने का एक ही कमरा है तो ध्यान रखें कमरे की उत्तर या पूर्व की दीवार के पास जूते-चप्पल का संग्रह न करें।
- जिस अलमारी में आपका लॉकर है या पर्स है या धन संग्रह करते हैं, उस अलमारी के नीचे के खाने में जूते-चप्पल का रैक कभी न बनाएं, वरना लक्ष्मीजी रूठ जाएंगी एवं धन का नाश होना शुरू हो जाएगा।
- जिस बेड पर सोते हैं, उसके नीचे भी जूते-चप्पल इकट्ठे न होने दें, नहीं तो स्वास्थ्य में कमी के साथ-साथ आपसी संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है।
- कमरे की बालकनी पश्चिम या दक्षिण में है तो वहां जूते-चप्पल की अलमारी बनाना उचित रहेगा।
- अगर जूते-चप्पल नए हैं और कुछ समय बाद पहनने हैं, उन्हें भी अपने बेड के बॉक्स में न रखें।
- कभी भी परीक्षा देते समय सफेद जूते नहीं पहनने चाहिए, वरना इससे मन की एकाग्रता नहीं बनती।
- शनि ग्रह पैरों के कारक हैं। जिन पर शनि का प्रकोप ज्यादा चल रहा हो तो ऐसे व्यक्ति को शनिवार के दिन निर्धन, जरूरतमंद लोगों को जूते-चप्पल पहनाने से शनि की कृपा प्राप्त होती है और स्वास्थ्य, धन और संबंधों में तुरंत प्रभाव से सुधार नजर आता है।
- जूते-चप्पल दान देने के लिए आप नए खरीदकर भी दे सकते हैं और अपनी अलमारी में से पुराने फैशन के जूते-चप्पल जो अब आप नहीं पहनते हैं, उनको भी दान दे सकते हैं।
- यह भी ध्यान रखना है कि जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य शुभ अवसर पर आप मित्रों एवं रिश्तेदारों से कुछ भी उपहार ले सकते हैं, परंतु भूलकर भी कभी जूते उपहार में न लें, नहीं तो आर्थिक समस्या शुरू हो जाएगी।

## संकट चतुर्थी के दिन बनाएं सप्तधान का लड्डू, आज तिल दान के मिलेंगे शुभ फल

31 जनवरी और 1 फरवरी को संकट चौथ का शुभ व्रत है। इस दिन विशेष रूप से 7 धान को तिल के साथ मिलाकर सवा किलो का लड्डू बनाया जाता है और उसे बलि की तरह काटा जाता है...कुछ जगहों पर थाली में तिल और गुड का कोई पशु बनाकर काटा जाता है...

इसके पीछे मान्यता है कि संकट चतुर्थी की कथा में जिस प्रकार ब्राहमणी का बालक बलि देने के बाद भी श्री गणेश जीकी अनुकम्पा से सुरक्षित बचा रहा वैसे ही हमारी संतान भी हर तरह के संकट से बची रहे...और उस कथा की स्मृति में बलि की परम्परा भी बनी रहे...

**इसदिन तिल के दान से 7 शुभ फल मिलते हैं...**

- मान-सम्मान में वृद्धि होती है।
- धन का आगमन होता है।
- विकट समस्याओं का समाधान प्राप्त होता है।
- सुख शांति का वातावरण होता है।
- यश एवं बल की शक्ति प्राप्त होती है।
- संकट में रक्षा होती है।
- प्रगति के अवसर मिलते हैं।




## टाटा टेलीसर्विसेज के शेयर ने निवेशकों को बना दिया मालामाल!

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लिस्टेड कुछ कंपनियां अपने निवेशकों को शानदार रिटर्न दे रही है। इसी सूची में टाटा टेलीसर्विसेज महाराष्ट्र लिमिटेड का शेयर भी शामिल है। भले ही यह जनवरी 2022 में अपना सार्वका लिक उच्च स्तर छूने के बाद बिकवाली के दबाव में है लेकिन लंबी अवधि के निवेशकों को इस शेयर ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। सिर्फ 3 साल की अवधि में यह शेयर 2.50 रुपए से 100 रुपए तक पहुंच चुका है और अपने निवेशकों को 3900 फीसदी का रिटर्न दिया है। गौरतलब है कि टाटा ग्रुप के इस स्टॉक ने इस साल जनवरी में 291 रुपए का अपना सार्वका लिक उच्च स्तर छूआ था। बीते नौ महीने में शेयर में गिरावट के बावजूद इसने अपने लंबी अवधि के निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है।पिछले छह महीने में टाटा ग्रुप का यह स्टॉक 122 रुपए से गिरकर 100 रुपएपर पहुंच गया है। इस अवधि में यह शेयर लगभग 20 फीसदी टूट चुका है। वहीं 2022 में तो इस साल अभी तक यह स्टॉक लगभग 50 फीसदी टूट चुका है और 215 रुपए से गिरकर 100 रुपए पर आ गया है। बीते एक साल में यह शेयर 20 फीसदी टूट चुका है। दो साल में टाटा ग्रुप का यह शेयर 7.55 रुपए से बढ़कर 100 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इस तरह दो साल में इस शेयर ने 1200 फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। वहीं तीन साल की अवधि में इस मल्टीबैगर स्टॉक ने 2.50 रुपए से 100 रुपए तक का सफर तय किया है। इस तरह कंपनी के इस शेयर ने तीन साल में 3900 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है।

## यूनीपाट्र्स इंडिया के आईपीओ को 25.32 गुना सब्सक्राइब किया गया

**नई दिल्ली ।** दुनिया के करीब 25 देशों में काम कर रही ग्लोबल मैन्युफैक्चरर कंपनी यूनीपाट्र्स इंडिया के आईपीओ को आखिरी दिन 25.32 गुना सब्सक्राइब किया गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के मुताबिक आईपीओ के तहत 10137360 शेयरों की पेशकश पर 256629175 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स की कैटेगरी को 67.14 गुना सब्सक्राइब किया गया। नॉन इंस्टीट्यूशनल निवेशकों की कैटेगरी को 17.86 गुना और रिटेल इंडीविजुअल निवेशकों की कैटेगरी को 4.61 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। यूनिपाट्र्स इंडिया के शेयर ग्रे मार्केट में 10 फीसदी से अधिक पर नजर आ रहे हैं। यूनिपाट्र्स इंडिया का ग्रे मार्केट प्रीमियम 60 रुपये है जो इसके इश्यू प्राइस से 11 फीसदी अधिक है। एक्सपट्र्स के अनुसार अभी इस आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम और चढ़ सकता है। उम्मीद है कि कंपनी के शेयर सोमवार 12 दिसंबर 2022 को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। सात दिसंबर को शेयरों का अलॉटमेंट होने की उम्मीद है। यूनीपाट्र्स इंडिया का 836 करोड़ रुपये का इश्यू 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक निवेश के लिए ओपन था। पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 548-577 रुपये सेट किया गया था। इसका लॉट साइज 25 शेयरों का था। एंकर इन्वेस्टर्स के लिए ये इश्यू 29 नवंबर को ओपन हुआ थ। यूनीपाट्र्स इंडिया के आईपीओ को लेकर अनुमान लग रहा है कि इसकी लिस्टिंग 600 रुपये के पार पर हो सकती है। फिलहाल इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम 60 रुपये है। इस हिसाब से (577+60=637) यूनीपाट्र्स इंडिया की लिस्टिंग 637 रुपये पर हो सकती है। यानी पहले ही दिन निवेशकों को 37 रुपये का मुनाफा होगा। यूनिपाट्र्स इंडिया ने कहा कि उसने एंकर निवेशकों से 251 करोड़ जुटाए हैं। कंपनी ने 577 रुपये प्रति शेयर पर एंकर निवेशकों को 43.44 लाख इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया।

# टेस्ला ने लंबित इलेक्ट्रिक सेमी ट्रक किए लॉन्च

### -डीजल ट्रक में 500 मील की दूरी तक जाने की है क्षमता

**सैन फ्रांसिस्को ।**

एक वर्चुअल इवेंट के दौरान टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने लंबे समय से विलंबित इलेक्ट्रिक सेमी ट्रक लॉन्च किए। कंपनी ने दावा किया है कि उसके सेमी ट्रकों में सड़क पर किसी भी डीजल ट्रक की शक्ति 500 मील की दूरी तक जाने की क्षमता है और इंजीनियरों ने विश्वसनीयता और स्थायित्व को अधिकतम करने के लिए कठोर परिस्थितियों की विविधता में वाहनों का परीक्षण किया है। एक ट्वीट में कंपनी ने कहा सेमी में प्लेड की तरह ही ट्राई-मोटर सिस्टम और कार्बन-स्लीव वाले रोटार हैं। दक्षता के लिए एक इकाई और टॉर्क के लिए दो त्वरण इकाइयां। मस्क ने कहा कि कंपनी की टीम ने सेमी ट्रक के साथ 800 किलोमीटर की ड्राइव पूरी की जिसका वजन 81000 पाउंड था एक चार्ज में।नए



इलेक्ट्रिक ट्रकों को अधिक दक्षता के लिए बुलेट की तरह डिजाइन किया गया है और अधिकतम सड़क द्रश्यता खड़े होने के लिए जगह दो 15 इंच की टच स्क्रीन वायरलेस फोन चार्जिंग और बहुत कुछ प्रदान करके बेहतर ड्राइवर अनुभव देते हैं। मस्क ने कार्यक्रम में कहा यह बीमार लग रहा है। उन्होंने कहा आप उसे ड्राइव करना चाहते हैं। मेरा मतलब है ऐसा लगता है कि यह भविष्य से आया है। बाद में उन्होंने सेमी को जानवर के रूप में वर्णित किया। लॉन्च इवेंट में मस्क ने पेप्सी और फ्रिटो ले लोगो में लिपटे सेमी ट्रकों पर भी प्रकाश डाला। मालूम हो कि ट्रक की अवधारणा का पहली बार 2017 में अनावरण किया गया था और 2019 में उत्पादन शुरू होना था। लेकिन कई कारणों से इसमें देरी हुई जैसे कि कोविड-19 महामारी और वैश्विक भागों की कमी। पिछले महीने टेस्ला ने सेमी का उत्पादन शुरू किया था जो पहले पेप्सी सुविधाओं तक पहुंचेगा।

## खाने का तेल फिर होगा सस्ता

**नई दिल्ली ।** विदेशी बाजारों में तेल-तिलहनों की कीमतों में गिरावट की वजह से देशी तेल तिलहनों के भाव प्रभावित हुए हैं। जिससे दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सोयाबीन तेल कच्चा पामतेल बिनौला और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली। देशी तेल-तिलहनों की पेराई महंगी पड़ रही है। इससे सस्ते आयातित तेलों के मुकाबले इन तेलों के भाव बेपड़ता हो गया है। तभी तो सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने हुए हैं। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी तेलों में आई गिरावट हमारे देशी तेल तिलहनों पर कड़ा प्रहार कर रहा है। इससे समय रहते नहीं निपटा गया तो स्थिति संकटपूर्ण होने की संभावना है। विदेशी तेलों के दाम धराशायी हो गए हैं और हमारे देशी तेलों के उत्पादन की लागत अधिक बैठती है। अगर स्थिति को संभाला नहीं गया तो देश में तेल तिलहन उद्योग और इसकी खेती गंभीर रूप से प्रभावित होगी। सस्ते आयात के मद्देनजर क्रूड पाम ऑयल (सीपीओ) पामोलीन बिनौला और सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट आई है। हालांकि शादी विवाह के मौसम की मांग के बीच देशी तेलों का भाव बेपड़ता बैठने के कारण सरसों और मूंगफली तेल तिलहन और सोयाबीन दाना एवं सोयाबीन लूज (तिलहन) के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे।

## 2 नई बाइक्स लॉन्च करेगी रॉयल एनफील्ड

### - बाइक का धांसू होगा लुक और फीचर्स

**नई दिल्ली।**

रॉयल एनफील्ड कंपनी 650सीसी सेगमेंट में 6 बाइक 450सीसी सेगमेंट में 3 और 350सीसी सेगमेंट में 2 नई बाइक्स लॉन्च करेगी। कंपनी वर्तमान में कई नई बाइक्स पर काम कर रही है। इसमें भारत समेत इंटरनेशनल मार्केट के लिए भी प्रोडक्ट्स शामिल हैं। जनवरी 2023 में सुपर मीटियर 650 की कीमत की घोषणा के बाद एसजी 650 कॉन्सेप्ट का प्रोडक्शन वर्जन अगले साल 650 सीसी रेंज में अगले लॉन्च होने की उम्मीद है हिमालयन 450 अगले साल भी बाजार में आने की संभावना है। 450 सीसी सेगमेंट में एक फेयर्ड मोटरसाइकिल के साथ-साथ एक स्क्रैम्बलर भी आएगा। नई पीढ़ी की रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 को 2023 में भी पेश किया जा सकता है क्योंकि एंट्री-लेवल 350 सीसी मिडलवेट सेगमेंट में उच्च मात्रा में नेमप्लेट जिम्मेदार है। फ्लैगशिप क्रूजर और शॉटगन 650 के बाद फेयर्ड 650 स्क्रैम्बलर 650 बुलेट 650 और हिमालयन 650 पर काम चल रहा है।ऐ सा लग रहा है कि रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 के प्लेटफॉर्म पर भी सिंगल-सीटर बॉबर तैयार कर रही है। इसमें ट्विन क्रैडल चेसिस आधारित क्लासिक 350 के साथ कई समानताएं होंगी और इसमें सिल्वर हुड टियरड्रॉप-शेप्ड फ्यूल टैंक शायद थोड़ा लंबा सेट हैंडलबार और एक चंकी रियर फेंडर के साथ गोल आकार का हैलोजन हेडलैंप होगा। इसका मुकाबला हाल ही में लॉन्च हुए जावा 42 बोब्बर और जावा पेरक से होगा। प्रदर्शन के लिए लगभग 20 बीएचपी का अधिकतम पावर आउटपुट और 27 एनएम का पीक टॉर्क विकसित करने वाला परिचित 349 सीसी सिंगल-सिलेंडर एयर- और ऑयल-कूल्ड एसओएचसी इंजन का उपयोग किया जाएगा। इसे पांच-स्पीड ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा जाएगा।

# सेंसेक्स की प्रमुख आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.15 लाख करोड़ बढ़ा

### - सबसे अधिक फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 115837 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी देखी गई। सबसे अधिक फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपे नियों की सूची में सिर्फ एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 71462.28 करोड़ रुपए बढ़कर 1841994.48 करोड़ रुपए हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 18491.28 करोड़ रुपए बढ़कर 614488.60 करोड़ रुपए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 18441.62 करोड़ रुपए बढ़कर 1258439.24 करोड़ रुपए इन्फोसिस का मूल्यांकन 3303.5 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 689515.09 करोड़ रुपए अडाणी एंटरप्राइजेज की बाजार हैसियत 2063.4 करोड़ रुपए बढ़कर 447045.74 करोड़ रुपए भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण




1140.46 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 472234.92 करोड़ रुपए आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 845.21 करोड़ रुपए बढ़कर 649207.46 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 89.25 करोड़ रुपए बढ़कर 542214.79 करोड़ रुपए पहुंच गई। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 5417.55 करोड़ रुपए घटकर 896106.38 करोड़ रुपए और एचडीएफसी के मूल्यांकन में 2282.41 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 485626.22 करोड़ रुपए पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस एचडीएफसी बैंक इन्फोसिस आईसीआईसीआई बैंक हिंदुस्तान यूनिलीवर एसबीआई एचडीएफसी भारती एयरटेल और अडाणी एंटरप्राइजेज का स्थान रहा।

## ऐपल ने ट्विटर पर विज्ञापन फिर से शुरू किए मस्क बोले- दूर हुई गलतफहमियां

### - अमेजन की भी हर साल करीब 100 मिलियन डॉलर में विज्ञापन शुरू करने की योजना



**सैनफ्रांसिस्को ।**

ऐपल से लेकर अमेजन के साथ बढ़ते टकराव के बीच एलन मस्क ने राहत की सांस ली है। एक एजेंसी के अनुसार एलन मस्क ने रविवार को बताया कि ऐपल ने ट्विटर पर विज्ञापन फिर से शुरू कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेजन भी हर साल करीब 100 मिलियन डॉलर में ट्विटर पर फिर से विज्ञापन शुरू करने की योजना बना रहा है। हालांकि अमेजान एप्पल और टिवटर ने सार्वजनिक रूप से इस पर कुछ नहीं कहा है।रिपोर्ट के अनुसार एलन मस्क ने ट्विटर स्पेसेस की बातचीत के दौरान इस बात की जानकारी दी है। यह खबर ऐपल और अमेजन समेत अन्य विज्ञापनदाताओं और ट्विटर के बीच चल रही तनातनी के बीच आई है और इससे यह संकेत मिल रहा है कि हालात अब सामान्य होते जा रहे हैं। मस्क ने ट्विटर स्पेसेस चैट के दौरान अपने निजी विमान से दो घंटे से अधिक समय तक बात की। इस दौरान करीब 90 हजार से ज्यादा लोगों ने उन्हें सुना। इस महीने की शुरुआत में एलन मस्क ने आईफोन निर्माता ऐप्पल के सीईओ टिम कुक से मुलाकात की थी। मस्क ने ट्विटर पर इस दोनों के बीच हुई बातचीत को लेकर एक वीडियो भी शेयर किया था।

मस्क ने लिखा कि हम दोनों के बीच अच्छी बातचीत हुई और ट्विटर को ऐप स्टोर से संभावित रूप से हटाए जाने के बारे में गलतफहमी को दूर किया। ऐपल के सीईओ ने कहा कि ऐपल ने ऐसा करने पर कभी विचार नहीं किया। इससे पहले एलन मस्क ने आरोप लगाया था कि आईफोन निर्माता पर ऐपल ट्विटर पर विज्ञापन रोकने और ऐप स्टोर से ट्विटर को हटाने की धमकी दी है। एलन मस्क ने एक ट्वीट के जरिये ऐपल के सीईओ टिम कुक पर भी निशाना साधा था। मस्क ने लिखा- ऐपल ने ट्विटर के ज्यादातर विज्ञापन बंद कर दिए हैं। क्या वे अमेरिका में फ्री स्पीच को पसंद नहीं करते हैं?

## चालू वित्त वर्ष में अपने उत्पादन लक्ष्य से चूक सकती है मारुतिः शशांक

**नई दिल्ली ।**

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) चालू वित्त वर्ष में 20 लाख इकाइयों के उत्पादन लक्ष्य से चूक सकती है। कंपनी के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी-विपणन एवं बिक्री शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही है। हालांकि उन्होंने कहा कि कंपनी अब भी अपने लंबित ऑर्डर के क्रियान्वयन के जरिये इस चुनौती को पूरा करने की उम्मीद कर रही है। कंपनी के लंबित ऑर्डर 3.75 लाख इकाई के हैं। इससे पहले इसी साल अगस्त में मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव ने कंपनी की 2021-22 की सालाना रिपोर्ट में शेयरधारकों से कहा था कि कंपनी अपना उत्पादन बढ़ाएगी और चालू वित्त वर्ष में सेमीकंडक्टर की उपलब्धता में सुधार के साथ 20 लाख इकाइयों की चुनौती को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि नई मध्यम आकार की एसयूवी ग्रैंड विटारा 20 लाख इकाइयों की चुनौती तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी लक्ष्य को चुनौती देने के रास्ते पर है श्रीवास्तव ने कहा` कि हमारी मौजूदा गणना के अनुसार मुझे लगता है कि हम इस आंकड़े से कुछ पीछे रहेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि कंपनी लंबित बुकिंग ऑर्डर कैसे पूरा करती है। अभी कंपनी के लंबित ऑर्डर 3.75 लाख इकाई के हैं।

# हवाई यात्रा सुरक्षा के मामले में भारत प्रमुख 50 देशों में 48वें स्थान पर

### - भारत चार साल पहले 102वीं रैंकिंग पर था

**नई दिल्ली ।**

देश की रैंकिंग हवाई यात्रा सुरक्षा के मामले में बहुत ही बेहतर हुई है। इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन (आईसीएओ) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत प्रमुख 50 देशों में 48वें स्थान पर है। भारत चार साल पहले 102वीं रैंकिंग पर था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने कहा कि रैंकिंग में सिंगापुर शीर्ष पर है उसके बाद यूएई और दक्षिण कोरिया का स्थान है। इस सूची में चीन 49वें स्थान पर है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय प्रमुख अरुण कुमार ने बताया कि नियामक ने भारत की सुरक्षा रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए अथक परिश्रम किया है और इसके परिणाम सामने हैं। गौरतलब है कि इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन ने पिछले महीने भारतीय विमानन क्षेत्र का सुरक्षा निरीक्षण ऑडिट पूरा कर लिया था। यह ऑडिट कानून संगठन व्यक्तिगत लाइसेंसिंग संचालन उड़ान योग्यता और हवाई अड्डा क्षेत्रों में आयोजित किया गया था। अब आईसीएओ ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारत की स्थिति पिछले कुछ सालों से काफी बेहतर हुई है।



आईसीएओ ने डीजीसीए को 85.49 फीसदी अंक दिए हैं। इसके चलते भारत 48वां स्थान प्राप्त करने में सफल रहा है। आईसीएओ के अधिकारियों के मुताबिक साल 2018 में भारत का स्कोर 69.95 फीसदी था। आईसीएओ द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल 101वां स्थान पाकिस्तान 100वां स्थान और बांग्लादेश को 94वां स्थान मिला है। यही नहीं भारत का ईआई स्कोर चीन (49) इज़राइल (50) तुर्की (54) डेनमार्क (55) और पोलैंड (60) जैसे देशों से भी बेहतर है।

## सरकार दूरसंचार विनिर्माण को बढ़ावा देने आयात पर निगरानी बढ़ाएगी

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय दूरसंचार एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पड़ोसी देशों से होने वाला ऐसा आयात जो दूरसंचार क्षेत्र के विश्वसनीय स्रोत नियमों के अनुरूप नहीं हैं उसकी जांच के लिए सरकार कार्यप्रणाली लाएगी। वैष्णव ने दूरसंचार उपकरण विनिर्माता कंपनियों के 40 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ बैठक की। इन कंपनियों को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के लिए योग्य पाया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि चार से पांच कार्यबल गठित किए जाएंगे जो इन कंपनियों को बाजार समर्थन देंगे और उनके कारोबार को कुछ इस प्रकार राह दिखाएंगे कि ये अर्थव्यवस्था के लिए लाभकारी बन जाएं। दूरसंचार उपकरण विनिर्माताओं ने चीन से होने वाले नेटवर्क उपकरणों के आयात पर चिंता जताई। चीन से ये उपकरण अन्य देशों से होकर भारत में आते हैं। इस प्रकार के निर्यात को लेकर उपजी चिंताओं के बारे में एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। सीमा शुल्क विभाग वित्त मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी थे। इस पर निगरानी कैसे रखी जाए इस बारे में काम किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि दूरसंचार पीएलआई के तहत आने वाली कंपनियां अपने उपकरणों का निर्यात जल्द शुरू करने वाली हैं और भारत जल्द ही एक निर्यातक देश बनेगा।



## फिनटेक कंपनियों पर निर्भरता के बजाय अपनी तकनीक विकसित करें बैंक चौधरी

### – बैंकिंग प्रणाली की वित्तीय स्थिरता के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय स्थापित किए जाएं

**नई दिल्ली ।**

बैंकों की मुख्य गतिविधियों की अे धिक आउटसोर्सिंग से एकाग्रता खतरा का पैदा हो सकता है। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के एक कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार चौधरी ने बैंकों को चेतावनी देते हुए कहा कि बैंक प्रबंधन के उच्च स्तर को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे मुख्य गतिविधियों को तीसरे पक्ष को आउटसोर्स न करें। बल्कि उन्हें अपनी खुद की कोर बैंकिंग गतिविधियों को अपग्रेड करने पर ध्यान देना चाहिए। चौधरी ने कहा कि आउटसोर्सिंग को लेकर हमारे दिशानिर्देश हैं।

आउटसोर्सिंग करते समय यह बहुत महत्वपूर्ण है कि स्थिति को ठीक करने के साथ-साथ बैंकिंग प्रणाली की वित्तीय स्थिरता के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय स्थापित किए जाएं। खोजपरक समाधान प्रदान करने वाली फिनटेक कंपनियां इस क्षेत्र में काम कर रही हैं। ऐसे में बैंकों ने तेजी से कई गतिविधियों विशेष रूप से ग्राहक सेवाओं को इन कंपनियों को आउटसोर्स किया है। उन्होंने कहा कि हम बैंकिंग और वित्त क्षेत्र में सेवाओं की आउटसोर्सिंग में वृद्धि देख रहे हैं। बैंकों को अपने कोर बैंकिंग समाधान के विकास और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंकिंग में टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ रहा है।

बैंक सीमित तकनीकी प्रदाताओं के साथ सहयोग कर रही है। इससे एकाग्रता का खतरा बढ़ सकता है। इस तरह के खतरे को कम करने के लिए विविधीकरण आसान तरीका है।

मैं सभी बैंकों और अन्य उद्योग प्रतिभागियों से आग्रह करता हूं कि जब तकनीक अपनाने की बात हो तो नए विकल्प तलाशें। यह उतना ही महत्वपूर्ण है कि हम सभी खुद को विकसित तकनीक से परिचित हों।

आरबीआई डिजिटलाइजेशन पर अधिक जोर देता है। ऐसे तकनीकी समाधानों की खोज कर रहे हैं जो उद्योग के प्रतिभागियों को तकनीक तक तेज सस्ती और सरल पहुंच प्रदान करे। जो उन्हें डिजिटलीकरण करने में सक्षम बना सकते हैं।

## सरकार खिलौना क्षेत्र को देगी 3500 करोड़ का पीएलआई लाभ

### – यह लाभ सिर्फ बीआईएस नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए ही होगा

**नई दिल्ली ।**



सरकार भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए 3500 करोड़ रुपए का उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन (पीएलआई) लाभ देने पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना निवेश आकर्षित करना और निर्यात बढ़ाना है। अधिकारी ने कहा कि खिलौना उद्योग के लिए सरकार द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने और सीमा शुल्क को 20 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने जैसे उपायों से देश में कम गुणवत्ता वाले आयात को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिली है। अब हम खिलौनों के लिए पीएलआई के विस्तार पर काम कर रहे हैं। हालांकि यह लाभ सिर्फ बीआईएस नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए ही होगा। पीएलआई लाभ विभिन्न निवेश स्लैब के अनुसार दिया जा सकता है। यह 25 करोड़ रुपए से लेकर 50 करोड़ रुपए या 100-200 करोड़ रुपए तक हो सकता है। अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव पूरे उत्पाद पर प्रोत्साहन देने का है न कि कलपुर्जों पर क्योंकि उद्योग को अब भी कुछ कलपुर्जों को आयात करने की जरूरत होती है जो खिलौना विनिर्माण के लिए जरूरी है। ये कलपुर्जे भारत में नहीं बनते हैं। बीआईएस देश का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह भारतीय मानकों का विकास और उनका प्रकाशन करता है। भारत में बने खिलौनों की आपूर्ति न केवल वैश्विक ब्रांडों को हो रही है बल्कि ये वैश्विक बाजार में अपनी जगह भी बना रहे हैं। खिलौनों के अलावा सरकार इन लाभ को साइकिल जूते कुछ टीका सामग्री शिपिंग कंटेनर और कुछ दूरसंचार उत्पादों जैसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित करने पर विचार कर रही है।

# भारत बनाम बांग्लादेश: बांग्लादेश ने जीता पहला वनडे मुकाबला, शानदार तरीके से मेहदी हसन ने दिलाई जीत

**मीरपुर (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच पहले एक दिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश ने जीत दर्ज की है। शेरे-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेले गुए मुकाबले में बांग्लादेश की टीम के अंतिम विकेट पर हुई साझेदारी के कारण बांग्लादेश की टीम को जीत मिली है। अंतिम विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी हुई है।

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम को 187 रनों का टारगेट दिया था जिसे टीम ने हासिल कर लिया। भारत की बल्लेबाजी के बाद बांग्लादेश की पारी की शुरुआत ही विकेट गिरने के साथ हुई। दीपक चाहर ने पहली ही गेंद पर नजमुक हुसैन शंतो को रोहित शर्मा के हाथों आउट करा दिया था। शंतो बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। अनामुल हक और कप्तान लिटन दास ने इसके बाद पारी को संभालने की कोशिश की। मुकाबले के दौरान भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश की टीम को रन बनाने का अधिक मौका नहीं दिया। बांग्लादेश का दूसरा विकेट सिराज ने अनामुल हक के तौर पर गिरा। उन्हें मोहम्मद सिराज ने आउट किया।

बांग्लादेश का तीसरा विकेट कप्तान लिटन दास के तौर पर गिरा है, जिसे वाशिंगटन सुंदर ने आउट किया। लिटन दास ने बांग्लादेश की टीम को मजबूती दी मगर वो अर्ध शतक से कुछ रन पहले ही आउट हो गए। लिटन ने 63 गेंदों पर तीन चौको और एक छक्के की मदद से 41 रनों बनाए। बांग्लादेश का चौथा विकेट वॉशिंगटन सुंदर ने शाकिब अल हसन के तौर पर लिया। शाकिब को विराट कोहली ने जबरदस्त कैच पकड़कर आउट किया था। हालांकि पांचवे विकेट के लिए बांग्लादेश की टीम की पारी संभलती हुई दिखी। पांचवे विकेट के लिए बांग्लादेशी बल्लेबाज महमुदुल्ला और मुश्फिकुर रहीम ने पांचवे विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी की। 128 रन के स्कोर पर बांग्लादेश की टीम का पांचवा विकेट गिरा था। शार्दुल ठाकुर ने महमुदुल्ला को एलबीडब्ल्यू आउट कराया, जिससे बांग्लादेश की आधी टीम आउट हो चुकी है। इसके बाद भारतीय टीम ने मैच में वापसी की। 128 रन के स्कोर पर ही बांग्लादेश की टीम का छठा विकेट भी गिरा। मोहम्मद सिराज ने मुश्फिकुर रहीम को क्लीन बोल्ड कर दिया। रहीम ने 45 गेंद पर 18 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने ~~मैच पर मजबूती से~~ पकड़ बनाना शुरू किया। वहीं अपना पहला मैच खेल रहे कुलदीप सेन ने पहले ही मैच में अपना पहला विकेट भी हासिल किया। बांग्लादेश का




सातवां विकेट अफीफ हुसैन के तौर पर गिरा। इसके बाद आठवां विकेट भी कुलदीप सेन ने इबादत हुसैन को पवेलियन लौटाया। खास बात रही की डेब्यू मैच में कुलदीप ने दो विकेट झटके।

## सुकांत और तीन अन्य भारतीय पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय के एकल फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुकांत कदम सहित चार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने लीमा में चल रहे पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के एकल फाइनल में प्रवेश किया। नित्या स्रे सुमति सिवान (एसएच6), मंदीप कौर (एसएल3) और नेहाल गुप्ता (एसएल3) ने भी शनिवार को अपने वर्गों के फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी सुकांत ने ग्वाटेमाला के राउल एंगुईयानो को एकतरफा सेमीफाइनल में 21-10 21-12 से शिकस्त दी। अब फाइनल में उनका सामना सिंगापुर के ची हियोंग अंक से होगा। सुकांत पिछली दो भिड़ंत में ची को हरा चुके हैं।

नित्या ने पोलैंड की ओलिविया स्जमिगेल को 21-17 21-7 से जबकि मंदीप ने हमवतन पारूल परमार को 23-21 21-12 से तथा नेहाल ने एक अन्य भारतीय उमेश विक्रम कुमार को 21-6 21-23 21-9 से शिकस्त दी। नेहाल गुप्ता और ब्रेनो जोहान (एसएल3-एसएल4) की पुरूष युगल जोड़ी तथा पारूल परमार और वैशाली निलेश पटेल (एसएल3- एसयू5) की महिला युगल जोड़ी भी फाइनल में पहुंच गई।

## रोहित शर्मा वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले छठे भारतीय बने, इस पूर्व बल्लेबाज का रिकॉर्ड तोड़ा

**ढाका(एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय क्रिकेट में अपने देश के लिए छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया है। इस बल्लेबाज ने रविवार को ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के पहले वनडे के दौरान यह रिकॉर्ड बनाया। रोहित ने मैच में 31 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद और 87.09 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए।

इसके साथ रोहिड के वनडे में 234 मैचों की 227 पारियों में 48.46 की औसत से 9,403 रन हो गए हैं। उन्होंने अपने वनडे करियर में 264 के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर के साथ 29 शतक और 45 अर्द्धशतक बनाए हैं जो एकदिवसीय मैचों में अब तक का सर्वोच्च स्कोर भी है। अजहरुद्दीन ने 334 मैचों में 308 पारियों में 36.92 की औसत से 9,378 रन बनाए थे जिसमें सात शतक और 58 अर्द्धशतक और के साथ 153* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

**भारत के लिए वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी**

सचिन तेंदुलकर - 18,426 रन
विराट कोहली - 12,353 रन
सौरव गांगुली - 11,221 रन
राहुल द्रविड़ - 10,768 रन
महेंद्र सिंह धोनी - 10,599 रन
रोहित शर्मा - 9,403 रन

मैच की बात करें तो शाकिब अल हसन (36 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट से बांग्लादेश ने लोकेश राहुल (73) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां 186 रन पर ढेर कर दिया। राहुल ने 70 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 73 रन की पारी खेली लेकिन भारत के अन्य बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए जूझना पड़ा। उनके अलावा कप्तान रोहित शर्मा (27) और श्रेयस अय्यर (24) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

# लियोन ने ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की दहलीज पर पहुंचाया

**स्पोर्ट्स डेस्क।** नाथन लियोन के फिरकी के जादू से ऑस्ट्रेलिया रविवार को यहां पर्थ स्टेडियम में पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें दिन लंच तक वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की दहलीज पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया के 498 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने अंतिम दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की लेकिन लंच तक लियोन ने टीम का स्कोर सात विकेट पर 257 रन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में जीत के लिए अब सिर्फ तीन विकेट की दरकार है।

लंच के समय रोस्टन चेस 13 जबकि अल्जारी जोसेफ 15 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने 110 रन की उम्दा पारी खेली। रविवार को वेस्टइंडीज की टीम एक समय तीन विकेट पर 207 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद उसने 17 ओवर में चार विकेट गंवाए और उसका स्कोर सात विकेट पर 233 रन हो गया। लियोन (81 रन पर चार विकेट) ने पहले घंटे के खेल में 15 गेंद के भीतर कल के नाबाद बल्लेबाजों ब्रेथवेट और काइल मायर्स (10) को आउट किया। लियोन ने मायर्स को स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराने के बाद ब्रेथवेट को तेजी से स्पिन होती गेंद पर बोल्ड किया।

ब्रेथवेट ने अपने 11वें टेस्ट शतक के दौरान 118 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके मारे। जेसन होल्डर (03) ने कामचलाऊ स्पिनर ट्रेविस हेड की गेंद पर स्लिप में स्मिथ को कैच थमाया जिसके बाद जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा (12) की पारी का अंत किया। वेस्टइंडीज की टीम मई 2003 में ब्रायन लारा की कप्तानी में स्टीव वॉ की टीम को हराने के बाद से ऑस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है। दूसरा टेस्ट आठ दिसंबर से खेला जाएगा तो दिन-रात्रि का मुकाबला होगा।



## ब्राजील के पूर्व महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले की स्थिति स्थिर, इलाज पर दे रहे अच्छी प्रतिक्रिया

**दोहा ।** ब्राजील के पूर्व महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले श्वसन संबंधी संक्रमण के इलाज पर अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और पिछले 24 घंटों में उनकी स्थिति और खराब नहीं हुई है। अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी। महान खिलाड़ी 82 वर्षीय पेले मंगलवार से अस्पताल में भर्ती हैं। इंस्टाग्राम पर डाले गए बयान में पेले ने कहा, ''मैं बहुत आशावान और मजबूत हूं तथा हमेशा की तरह उपचार के अनुसार चल रहा हूं। मेरी देखभाल के लिए मैं पूरी चिकित्सा और नर्सिंग टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे ईश्वर में बहुत विश्वास है और दुनिया भर से आपसे मिले प्यार का हर संदेश मुझे ऊर्जा से भर देता है। और ब्राजील को विश्व कप में खेलते हुए भी देखें।÷ कैंसर का इलाज भी करा रहे तीन बार के विश्व कप विजेता पेले के लिए दुनिया भर से अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए संदेश आ रहे हैं। पेले की बेटी केली नैसिमेंटो ने इंस्टाग्राम पर कतर में ब्राजील के प्रशंसकों द्वारा झंडों और बैनरों के साथ अपने पिता को शुभकामनाएं देने की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। पश्चिम एशिया के इस देश की इमारतों में भी पूर्व महान फुटबॉलर के समर्थन में संदेश प्रदर्शित किए गए। ब्राजील विश्व कप में सोमवार को अंतिम 16 के मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा।



## जो रूट ने पाकिस्तानी गेंदबाजों के उड़ाया मजाक, लेफ्ट हैंडर बनकर की बल्लेबाजी

रावलपिंडी । रविवार को पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच चल रहे टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त हो गया है । चौथे दिन इंग्लैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी है, जिसके जवाब में पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 80 रन बना लिए हैं । पाकिस्तान अभी 263 रनों से पिछड़ रहा है । चौथे दिन इंग्लैंड की बल्लेबाजी के दौरान क्रिकेट प्रेमियों को जो रूट का एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला है । दरअसल, इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज रूट स्वभाविक तौर पर राइट हैंडर बल्लेबाज हैं, लेकिन उन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाजी के आगे लेफ्ट हैंडर बनकर बल्लेबाजी का फैसला किया । रूट ने जाहिद महमूद के ओवर में लेफ्ट हैंड बल्लेबाज बनकर खेलने का फैसला किया, जिसका वीडियो बाद में इंटरनेट पर वायरल हो गया । रूट ने इस पारी में 73 रन बनाए ।

**पाकिस्तान गेंदबाजी और फ्लैट पिच का उड़ा मजाक**

इंग्लैंड टीम 17 साल के बाद पाकिस्तान में कोई टेस्ट सीरीज में हिस्सा ले रहा है । इंग्लैंड को इस दौरे पर 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में हिस्सा लेना है । तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड ने पाकिस्तान गेंदबाजों की खूब धुनाई की, जिसकी वजह रही पाकिस्तान गेंदबाजी का खराब प्रदर्शन और फ्लैट पिच । रावलपिंडी में खेले जा रहे इस मैच में इंग्लैंड ने पहले दिन 506 रन बनाए और इस पहले ही दिन इंग्लैंड के चार बल्लेबाजों ने शतक में जमाए । पहले दिन इंग्लैंड का स्कोर किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे ज्याद स्कोर है । मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 657 रन बनाए । रावलपिंडी की फ्लैट पिच का पाकिस्तान को फायदा मिला । पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 579 रन बनाए, इस दौरान पाकिस्तान के तीन बल्लेबाजों ने शतक जमाए ।

# फीफा विश्व कप: लियोनल मेस्सी के गोल से ऑस्ट्रेलिया को हराकर अर्जेन्टीना विश्व कप क्वार्टर फाइनल में

**दोहा (एजेंसी)।** लियोनल मेस्सी के गोल से अर्जेन्टीना ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेस्सी ने अपने करियर का 1000वां मैच खेलते हुए विश्व कप के नॉकआउट चरण का अपना पहला गोल दागा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि अर्जेन्टीना की जीत की राह आसान नहीं रही जैसा कि लोगों ने उम्मीद की थी। अर्जेन्टीना की जीत में गोलकीपर एमी मार्टिनेज की अहम भूमिका रही जिन्होंने मैच के अंतिम सेकेंडों में शानदार बचाव करते हुए मुकाबले को अतिरिक्त समय में खिंचने से रोका। मेस्सी ने 35वें मिनट में अर्जेन्टीना को बढ़त दिलाई जिसके बाद जूलियन अल्वारेज ने 57वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के 77वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद जगी जब एंजो फर्नांडिज ने आत्मघाती गोल दाग दिया।

क्वार्टर फाइनल में अब अर्जेन्टीना की भिड़ंत नीदरलैंड



से होगी। मुकाबले में 2-0 से पिछड़ने के बाद अंतिम 20 मिनट में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद बंधी जब 77वें मिनट मेंक्रेग गुडविन का शॉट अर्जेन्टीना के मिडफील्डर एंजो फर्नांडिज से टकराने के बाद गोल में चला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को अंतिम लम्हों में गोल करने का मौका मिला जब गेरेंग कुओल के पास गेंद पहुंची और उन्हें सिर्फ गोलकीपर को पछाड़ना था लेकिन उनके दमदार शॉट को मार्टिनेज ने रोक दिया। अर्जेन्टीना की टीम ने अपने पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ उलटफेर भरी हार के बाद अच्छी वापसी की है और टीम लगातार तीन मैच जीत चुकी है।

अपना पांचवां और संभवत÷ अंतिम विश्व कप खेल रहे मेस्सी के नाम अब 789 गोल हो चुके हैं। सात बार दुनिया के साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए मेस्सी की नजरें 18 दिसंबर को फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट जीतने पर टिकी हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला देखने के लिए अहमद बिन अली स्टेडियम में अर्जेन्टीना के हजारों दर्शक मौजूद थे और टीम की हौसलअफजाई कर रहे थे। मेस्सी ने समर्थकों की सराहना करते हुए कहा, ''पूरा अर्जेन्टीना यहां आना चाहता है लेकिन यह संभव नहीं है। हमारे बीच जो यह जुड़ाव, एकजुटता है, वह शानदार है।

## इंडियन सुपर लीग में चेन्नइयिन एफसी को 3-1 से हराकर हैदराबाद एफसी फिर तालिका में दूसरे स्थान पर



नई दिल्ली। मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल में लगातार दो हार के पीछे छोड़ते हुए शनिवार को यहां चेन्नइयिन एफसी को 3-1 से शिकस्त दी। हैदराबाद की जीत में हालिचरण नार्जरी (65वें), चिंगलेसाना कोंशाम (74वें) और स्थानापन्न बोर्जा हेरारा (85वें मिनट में) ने गोल दागे। हैदराबाद एफसी की यह नौ मैचों में छठी जीत थी और टीम 19 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी ओर आठ मैचों में चौथी हार का सामना करने वाली चेन्नइयिन एफसी की टीम इस मुकाबले के बाद 10 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। मैच के 71वें मिनट के बाद चेन्नइयिन एफसी को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पर मजबूर होना पड़ा। टीम के राइट-बैक अजीत को मैच का दूसरा येलो कार्ड दिखाया। जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। क्रोएशियाई स्ट्राइकर पेटर स्लीस्कोविक ने मैच के 78 वें मिनट में चेन्नइयिन के लिए इकलौता गोल किया। दिन के एक अन्य मुकाबले में एटीके मोहन बागान ने बेंगलुरु एफसी को 1-0 से हराया। मोहन बागान के लिए यह गोल दिमित्रि पेट्राटोस ने मैच के 66वें मिनट में किया।

# पांचवें हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 4-5 से हारा भारत, श्रृंखला 1-4 से गंवाई

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारत को रविवार को यहां पांचवें और अंतिम हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे उसने पांच मैचों की श्रृंखला 1-4 से गंवा दी। टॉम विकहैम (दूसरे और 17वें मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के लिए दो गोल दागे जबकि एरेन जेलवस्की (30वें मिनट), जेकब एंडरसन (40वें मिनट) और जेक वेटन (54वें मिनट) ने भी मेजबान टीम की तरफ से एक-एक गोल किया।

भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (24वें और 60वें मिनट) ने दो जबकि अमित रोहिदास (34वें मिनट) और सुखजीत सिंह (55वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत ने शुरुआती दो मैच 4-5 और 4-7 से गंवाने के बार तीसरा मैच 4-3 से जीता था। चौथे मैच में मेहमान टीम को 1-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।



## फीफा विश्व कप : क्वार्टर फाइनल में पहुचने के लिए फ्रांस के सामने पोलैंड की चुनौती

दोहा । मौजूदा विश्व चैम्पियन फ्रांस की टीम फुटबॉल विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में रविवार को जब पोलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश अतिआत्मविश्वास से बचने की होगी। फ्रांस के कोच कोच डिडिएर डेसचैम्प्स अपनी टीम के खिलाड़ियों को पोलैंड और उनके दिग्गज खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को कम नहीं आंकने की चेतावनी दे चुके। टीम को ग्रुप चरण के आखिरी मुकाबले में ट्यूनीशिया जैसी अपेक्षाकृत कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में हालांकि डेसचैम्प्स ने अपने स्टार खिलाड़ियों को विश्राम दिया था। एड्रिएन रैबियोट, किलियन एमबापे, ओस्मान डेम्बेले और एंटोनी ग्रीजमैन जैसे टीम के धुरंधर मैच के आखिरी क्षणों में मैदान में उतरे थे। ऐसे में फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी कम थकान के साथ इस मैच में उतरेंगे और पोलैंड के खिलाफ जीत के दावेदार होंगे। फ्रांस की टीम 1986 विश्व कप में नॉकआउट चरण शुरू होने के बाद शुरुआती (नॉकआउट) मुकाबले में पांच बार जीती है। पोलैंड की टीम 36 साल में पहली बार नॉकआउट दौर में पहुंची है। टीम ने 1982 विश्व कप में फ्रांस को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया और इसके 51 दिनों के बाद मैत्री मैच में उनके खिलाफ एक और जीत दर्ज की। पोलैंड की टीम इसके बाद कभी फ्रांस को हराने में सफल नहीं हुई। टीम विश्व कप में फ्रांस को मात देकर 40 साल के जीत के इंतजार को खत्म करना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच पिछला मुकाबला 2011 में खेला गया था। फ्रांस के कोच ने कहा, '' यह ऐसी टीम नहीं है जिसके खिलाफ हम खेलने के आदी हैं। उनके पास अनुभवी खिलाड़ी हैं। अगर कोई एक नाम सबसे अलग है, तो वह लेवांडोव्स्की है, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक है। लेकिन टीम में और भी बेहतरीन खिलाड़ी है।'' पोलैंड की सबसे बड़ी मजबूती उसके गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी है।

# टेस्ट में छा गए नाथन लियोन, इस मामले में रविचंद्रन अश्विन को छोड़ा पीछे

**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** विंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में स्पिनर नाथन लियोन का कहर देखने को मिला, जिसकी बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 164 रनों से जीत दर्ज कर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लियोन ने दूसरी पारी में 6 विकेट झटके और विंडीज की पारी को 333 रनों पर समेट दिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में मार्नस लाबुछने (204) और स्टीव स्मिथ (200) के दोहरे शतक की मदद से 4 विकेट पर 598 रन बनाकर पारी घोषित की। फिर विंडीज की पहली पारी 283 पर सिमटी, जिसमें भी नाथन लियोन के नाम 2 विकेट रहे। इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में एक खास मामले में भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया।

दरअसल, लियोन अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अश्विन से आगे निकल गए हैं। अश्विन ने खेले 86 मैचों में 442 विकेट चटकाए हैं, वहीं अब लियोन 111 मैचों में 446 विकेट हासिल कर उनसे आगे निकल गए। इसके अलावा लियोन अब टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले 8वें गेंदबाज बन गए हैं। उनसे आगे अब विंडीज के कर्टनी एंड्रयू वॉल्श हैं, जिनके नाम 519 विकेट हैं।

**सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे कंगारू गेंदबाज**

ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट शेन वॉर्न के नाम हैं, जिन्होंने 145 मैचों में 708 विकेट चटकाए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर ग्लेन मैक्ग्रा हैं, जिन्होंने 124 टेस्ट मैचों में 563 विकेट लिए। वहीं तीसरे नंबर पर लियोन हैं। हालांकि, लियोन के लिए मैक्ग्रा को पछाड़ना आसान नहीं होगा। 35 साल के हो चुके लियोन अगर लगातार खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो तभी संभव है, लेकिन उनका टेस्ट करियर कितना लंबा जाता है यह देखना दिलचस्प हैं।

बता दें कि टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट मुथैया मुरलीधरन के नाम हैं। उन्होंने 133 मैचों में 800 विकेट लिए हैं। इस रिकॉर्ड को तोड़ पाना आज के युग में किसी भी गेंदबाज के लिए असंभव नजर आता है। टॉप-5 गेंदबाजों में सिर्फ एक भारतीय गेंदबाज हैं, जोकि अनिक कुबले हैं। कुंबले के नाम 619 विकेट दर्ज हैं।



# साढ़े तीन साल से फरार आरोपी को सूरत क्राईम ब्रांच के पुलिस ने दोस्त के साथ पकड़ा गया




**सूरत।** पिछले साढ़े तीन साल से फरार सूरत क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को रात में दोस्त के साथ सूरत में चोरी करने के बाद पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ सूरत के पांडेसरा थाने में चोरी का मामला दर्ज किया गया था। साढ़े तीन साल से फरार आरोपी पुलिस को चकमा देते हुए पकड़ा गया।

जब सूरत क्राइम ब्रांच का स्टाफ पेट्रोलींग पर था, तब गुप्त सूचना के आधार पर पांडेसरा तेरेनाम रोड के पास रहने वाले आरोपी अजीत कुमार उर्फ भुग्गर विनोदभाई महातो को अलथान गार्डन से पकड़ा गया।

पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की और कहा कि साढ़े तीन साल पहले वह अपने दोस्त रोहित जीतन गुप्ता के साथ रात में पांडेसरा स्वास्तिक सोसाइटी के पास एक घर में घुस गया और एक मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और नकदी चुराकर भाग गया। आगे की जांच पांडेसरा पुलिस को सौंपी गई है

इस मामले में पांडेसरा थाने में अपराध दर्ज किया गया था।इस अपराध में उसका दोस्त रोहित जीतन गुप्ता चोरी के सामान के साथ पकड़ा गया था और वह पुलिस से बचने के लिए साढ़े तीन साल से फरार चल रहा था।

हालांकि, आखिरकार सूरत क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी कस्टडी पांडेसरा पुलिस को सौंप दी।

# अवैध बांधकाम के भ्रष्टाचार की सियासत से बदल सकती है सरकार



**सूरत भूमि, सूरत।** लिंबायत जोन के अधिकारियों द्वारा अवैध निर्माण को इस तरह बढ़ावा दिया जा रहा है की बिल्डर बेखौफ होकर मार्जिंग सी.ओ.पी. और कॉमन प्लॉटों में धड़ल्ले से अवैध निर्माण कर रहा है। बार-बार शिकायत करने पर भी अधिकारि कुंभकरण की नींद में सोए हो ऐसा प्रतीत हो रहा है, क्योंकि पिछले कई महीनों से गोड़ादरा में पुलिस स्टेशन के सामने बन रहे अमिटी स्कूल के अवैध निर्माण में जोरो से चल रहा है। यहां तक की आचार संहिता होने का फायदा उठाते हुए बिल्डर ने एक के बाद एक फ्लोर तैयार कर दिया और अधिकारी हाथ पर हाथ रखे रह गए। आखिर एक गरीब का मकान बनता है तो अधिकारी तुरंत उस निर्माण को तोड़ने के लिए पहुंच जाते हैं, क्योंकि वह निर्माण करने वाला पूंजीपति नहीं होता है गरीब होता है।

# उधना में एक कपड़े की दुकान में लगी आग, काफी मात्रा में कपड़ा जला

**सूरत।** उधना इलाके में एक रेडीमेड गारमेंट की दुकान में आज तड़के शार्ट सर्किट से आग लग गयी, जिससे भगदड़ मच गई। दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उधना क्षेत्र के स्वामीनारायण मंदिर के पास हरिनगर के नज़दिक रेडीमेड गारमेंट की दुकान में आज सुबह बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गयी.

**फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया**

जब इसकी जानकारी दुकान मालिकों व अन्य लोगों को हुई तो वहां कोहराम मच गया। हालांकि वहां मौजूद लोग दुकान से कुछ सामान हटाकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे.

दमकल विभाग को जब इसकी जानकारी हुई तो मजुरागेट और मान दरवाजा फायर स्टेशन के वाहनों में आग लग गई और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया.

**आग शार्ट सर्किट के कारण लगी**

हालांकि आग लगने से कपड़े, एसी, वायरिंग,




टेबल, कुर्सी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। दमकल अधिकारी कृष्णा मोड ने बताया कि इस घटना में कोई चोट या मौत नहीं हुई है।

# गुमशुदा की खबर



नामः विवेश राय
उम्रः 24 वर्ष
पिता का नामः सुखदेव राय
गांवः उत्तर दिनाजपुर
कल्याण गंज थाना
वेस्ट बंगाल 733129

यह लड़का यहां जलवा पंचायत में रहता है और एसीआर कंपनी में काम करने आया था और मेले में घूमने गया और यहीं से 1 महीने से जोलवा पाटिया से लापता हो गया है। किसी भी व्यक्ति को यह लड़का दिखे तो नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें

7501731328, 9621045167, 9735305975

# सफाई के दौरान 13वीं मंजिल से निचे गिरने से युवक की मौत

**सूरत।** सूरत शहर के पाल क्षेत्र में गौरव पथ रोड इडन सर्कल के पास स्थित शिव दिग्जा अपार्टमेन्ट बी-1301 निवासी 34 वर्षीय हर्ष त्रिवेदी बीती रात अपने फ्लैट में कांच साफ करते समय किसी तरह बिल्डिंग के नीचे गिर गया। नीचे गिरते ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार ने अपने एक बेटे को खो दिया। यह देख बिल्डिंग में रहने वाले लोग दौड़ पड़े। हालांकि घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही पाल थाना पुलिस का काफिला मौके पर पहुंच गया और आगे की कार्रवाई की।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हर्ष त्रिवेदी कल अपने ही फ्लैट में भोजन करने के बाद खिड़की का शीशा साफ कर रहा था कि अचानक किसी तरह पैर फिसला या संतुलन खो बैठा और 13वीं मंजिल से नीचे गिर गया। यह देख बिल्डिंग के चौकीदार व रहवासी दौड़े चले आए।

मृतक हर्ष त्रिवेदी जो बिल्डिंग कांट्रेक्टर का काम करता था। वह परिवार में इकलौता लड़का था। उनकी सात साल की एक बेटी भी है। 8 साल पहले इनकी शादी हुई थी। इस तरह हुई घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया। मृतक हर्ष त्रिवेदी के शरीर के कुछ हिस्सों को रगड़ने के



निशान भी पाया गया था। यानी जब ये ऊपर से निचे गिरे तो ऐसा लगता है जैसे तीन-चार जगह टकराए हों। फिलहाल इस मामले की पुलिस जांच कर रही हैं।

# अधिकारी समय पर नहीं ले रहे विशेरा सैंपल

## नवी सिविल के पोस्टमार्टम रूम में विशेरा के सैंपल का ढेर



मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के शरीर से लिए गए विसरा सैंपल के ढेर। सूरत के न्यू सिविल अस्पताल के पीएम कक्ष में रखे गए हैं। यह स्थिति इसलिए उत्पन्न हुई है क्योंकि संबंधित थाने के अधिकारी समय पर विशेरा के सैंपल नहीं ले रहे हैं। जिसके बाद सिविल अधीक्षक ने इस मामले में पुलिस आयुक्त को अवगत कराया है।

सामान्य परिस्थितियों में जब किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो ऐसी परिस्थितियों में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ता है। जिसके लिए किसी व्यक्ति की मृत्यु या आकस्मिक मृत्यु के बाद उन्हें सिविल अस्पताल भेजा जाता है और मौत के कारणों को जानने के लिए नए सिविल अस्पताल से मृतक के शरीर से रक्त के नमूने लिए जाते हैं। लेकिन आज न्यू सिविल अस्पताल में ऐसे मृत व्यक्तियों के शरीर से लिए गए वेस्ट सैंपल के ढेर ढेर में पड़े हुए हैं उस थाने के विभाग द्वारा शिकायत आई है कि न्यू सिविल अस्पताल से मृत व्यक्तियों के वेस्ट सैंपल लिए जाते हैं लेकिन नहीं लिए जाते हैं पुलिस द्वारा सिविल अस्पताल वर्षों से इसे संभाल कर रख रहा है।

सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में वर्ष 2021 व 2022 के 78 विशेरा सैंपल मिले हैं. जिसमें सबसे ज्यादा 24 सैंपल खटोदरा थाने के हैं। जबकि पांडेसरा से 9, अडाजन और कोसंबा से 5-5 और वापी टाउन, सचिन पीएचसी, सापुतारा, डुमस, चिखली, मांडवी, सचिन जीआईडीसी, विशेरा के सैंपल सिविल के पीएम रूम में पडे हैं।

सिविल अस्पताल के पीएम कक्ष में विशेरा सैंपल भरने से सिविल सिस्टम भी असमंजस में पड़ गया है। इस संबंध में सूरत सिविल अस्पताल के अधीक्षक गणेश गोवेकर ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के दौरान मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा के नमूने चिकित्सा अधिकारी द्वारा लिए जाते हैं। इन नमूनों को रासायनिक विश्लेषण के लिए एफएसएल प्रयोगशाला भेजा जाना है। इसे ले जाने की जिम्मेदारी उस थाने के पुलिस अधिकारियों की होती है। लेकिन लंबे समय से कुछ थानों से ये सैंपल नहीं लिए जाते हैं। जिससे सिविल पीएम कक्ष में विशेरा के सैंपल की बोतलों का ढेर लग रहा है।

# सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल ने उभरती ऑन्कोलॉजी सेवाओं को उजागर करने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सूरत के साथ मिलकर काम किया

**सूरत।** प्रौद्योगिकी और नैदानिक विशेषज्ञता द्वारा संचालित रोगी केंद्रित समाधानों पर ध्यान देने के साथ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और फिजिशियन एसोसिएशन ऑफ सूरत के सहयोग से सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल बच्चों में भारत के सबसे प्रचलित कैंसर के सफल उपचार पर एक विशेष लॉन्च करेगा। , महिला और पुरुष सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) आयोजित करता है। ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञों की एक शानदार टीम, डॉ. विजय हरिभक्ति, ऑन्को-साइंसेज के निदेशक डॉ. सावंती लिमये, मेडिकल एंड प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी की निदेशक डॉ. संतोषी नागौनकर, यूरोलॉजी और यूरो-ऑन्कोलॉजी के निदेशक और कई अन्य लोगों ने कैंसर देखभाल के वर्तमान और भविष्य में सुधार, इलाज की यात्रा, व्यक्तिगत उपचार और अधिक के लिए विकिरण ऑन्कोलॉजी पर प्रकाश डाला।

डॉ. विजय हरिभक्ति, निदेशक, ओन्को-साइंस, सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल, व्यक्त करते हैं, "सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में हम कैंसर के वर्तमान प्रबंधन में सबसे महत्वपूर्ण प्रगति पर एक व्यावहारिक अद्यतन प्रस्तुत करने और आगे स्पष्ट करने और सरल बनाने के लिए खुश हैं। सबसे जटिल विषय हैं। हेल्थकेयर का भविष्य प्रौद्योगिकी, आधुनिक विज्ञान और उन्नत दवाओं के साथ मिलकर काम करने में निहित है ताकि कैंसर को एक पुरानी बीमारी के रूप में इलाज किया जा सके और रोगियों को जीवन की गुणवत्ता प्रदान की जा सके।



डॉ। सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में मेडिकल एंड प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी की निदेशक सावंती लिमये ने व्यक्त किया, "व्यक्तिगत सटीक ऑन्कोलॉजी आज कैंसर का इलाज करने का एकमात्र तरीका है! यह समझना है कि उस विशेष रोगी के कैंसर को क्या प्रेरित करता है और उस रोगी के लिए विशिष्ट उपचार रणनीति बनाएं। सटीक दृष्टिकोण जीवन को बचाते हैं, जीवन की गुणवत्ता को संरक्षित करते हैं और दुनिया भर में कैंसर देखभाल के भविष्य के रूप में उभर रहे हैं।"

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-22 I42 I1, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )